अनमोल विचार
सच्चे साहित्य का निर्माण एकांत चिंतन और एकान्त साधना में होता है।
अनंत गोपाल शेवड़े

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित


www.vijaymat.com | शहडोल, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024 | वर्ष- 07 अंक- 291 पेज-08 मूल्य- ₹ 5.00/-

अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री, बोले

# करुणा और सद्भावना से ही हम दुनिया को और बेहतर बना सकते हैं: मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के समारोह में शामिल हुए। पीएम मोदी के साथ संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू समारोह उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अभिधम्म दिवस हमें याद दिलाता है कि




करुणा और सद्भावना से ही हम दुनिया को और बेहतर बना सकते हैं। इससे पहले 2021 में कुशीनगर में ऐसा ही आयोजन हुआ था, ये मेरा सौभाग्य है कि वहां उस आयोजन में भी मैं शामिल हुआ था। ये मेरा सौभाग्य है कि भगवान बुद्ध के साथ जुड़ाव की जो यात्रा मेरे जन्म के साथ शुरू हुई है, वो अनवरत जारी है। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले आक्रमणकारी भारत की पहचान को मिटाने में लगे थे और आजादी के बाद लोग गुलामी की मानसिकता के शिकार हो गए। भारत पर ऐसे इको-सिस्टम का कब्जा हो गया जिसने हमें विपरीत दिशा में धकेलने का काम किया। पाली भाषा को उसका सही स्थान मिलने में सात दशक लग गए। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि भारत की बुद्ध में आस्था केवल अपने लिए ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता की सेवा का मार्ग है।

### भारत सरकार ने पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया

प्रधानमंत्री मोदी आज अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के कैबिनेट के फैसले का जश्न मनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शांति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए विश्व को उनकी शिक्षाओं से सीखना चाहिए। भारत बुद्ध में आस्था रखता है। उन्होंने कहा कि करुणा और सद्भावना से ही दुनिया को और बेहतर बना सकते हैं। पीएम मोदी आगे ने कहा कि इस वर्ष अभिधम्म दिवस के आयोजन के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी जुड़ी है।

### पाली भाषा को उसका सही स्थान मिलने में सात दशक लग गए

प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी से पहले आक्रमणकारी भारत की पहचान को मिटाने में लगे थे और आजादी के बाद लोग गुलामी की मानसिकता के शिकार हो गए। भारत पर ऐसे इको-सिस्टम का कब्जा हो गया जिसने हमें विपरीत दिशा में धकेलने का काम किया। पाली भाषा को उसका सही स्थान मिलने में सात दशक लग गए। देश अब आत्म-सम्मान, आत्म-विश्वास, आत्म-गौरव के साथ आगे बढ़ रहा है। इसके कारण देश बड़े-बड़े फैसले ले रहा है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### जिस पिच पर भारतीय शेर हुए ढेर, उसी पिच पर डेवोन कॉन्वे ने जड़ दिए 91 रन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे के 91 रनों की शानदार पारी के दम पर पहले टेस्ट के दूसरे दिन भारत पर 134 रनों की बढ़त बना ली है. पहली पारी में भारतीय टीम 46 के स्कोर पर ही ढेर हो गई. यह घरेलू



टेस्ट में भारत का अब तक का सबसे छोटा स्कोर है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में टीम इंडिया 46 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। यह घरेलू मैदान पर अब तक का भारत का सबसे छोटा और कुल मिलाकर तीसरा सबसे छोटा स्कोर है. न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने चिन्नास्वामी की पिच पर भारत के शीर्ष क्रम की धज्जियां उड़ा दी। मैच का पहला दिन बारिश की वजह से धुल गया और दूसरे दिन कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

### कंगना रनौत की इमरजेंसी जल्द सिनेमाघरों में होगी रिलीज, मिला सेंसर सर्टिफिकेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी का इंतजार कर रहे फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। मूवी जल्द ही



सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसे सेंसर सर्टिफिकेट पर मिल गया है। एक्ट्रेस ने खुद इस बात की जानकारी दी है। बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत की अपकमिंग राजनीतिक-ड्रामा इमरजेंसी को कई चुनौतियों से गुजरना पड़ा, क्योंकि सीबीएफसी (केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड) ने फिल्म के कुछ सीन्स पर आपत्ति जताई थी। हालांकि, सेंसर बोर्ड के साथ लंबे संघर्ष के बाद, अभिनेत्री को आखिरकार अपने होम प्रोडक्शन के लिए प्रमाणन मिल गया है।

### सिर्फ 7 दिन में फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बजाया डंका, कलेक्शन हुई 200 करोड़ पार


**नई दिल्ली, एजेंसी ।** रजनीकांत की वेट्टैयन ने अपने पहले हफ्ते में 213 128 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया है, स्टेडी परफॉर्मेंस के



चलते फिल्म जल्द ही पेट्टा का कलेक्शन पार कर सकती है। वेट्टैयन ने अपने पहले हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर स्टेडी परफॉर्मेंस दिखाई है। पहले दिन से लेकर अब तक, फिल्म ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 213.28 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म का पहला हफ्ते का कलेक्शन एक्सपेक्टेड था, लेकिन फिर भी इसका बजट इतना बड़ा था कि और ज्यादा नंबर्स की उम्मीद थी। इसके बावजूद, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ अच्छे रिकॉर्ड्स बना रही है। 7वें दिन यानी वेडनेसडे को फिल्म ने 4.17 करोड़ नेट कमाए, जो ट्यूजडे के 4.41 करोड़ के मुकाबले हल्का गिरावट दिखाता है।

### टीबी संक्रमण का पता लगाने के लिए अईसीएमआर ने विकसित की हाथ में पकड़ी जाने वाली एक्स-रे मशीन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीबी यानि क्षय रोग का पता लगाना अब और भी आसान हो गया है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान




परिषद् (आईसीएमआर) ने हाथ में पकड़ी जाने वाली एक्स-रे मशीन विकसित की है। इससे घर पर भी मरीजों की टीबी जांच की जा सकेगी। इस बारे में आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने बताया कि टीबी संक्रमण के खिलाफ लड़ाई में एक नई उपलब्धि हासिल हुई है। भारत में हाथ में पकड़ी जाने वाली एक्स-रे मशीन विकसित की गई है, जिससे मरीजों में टीबी की बीमारी का जल्द पता लग सकेगा और फिर उसका समय से इलाज करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर करने में मदद मिलेगी। हाथ से पकड़ी जाने वाली एक्स-रे मशीन बहुत महंगी है। इसे देखते हुए आईआईटी कानपुर के साथ साझेदारी में आईसीएमआर ने हाथ से पकड़ी जाने वाली एक स्वदेशी एक्स-रे मशीन बनाई है।

मुख्यमंत्री की पहल पर उद्योग और पर्यटन के बाद खनिज क्षेत्र में हुई कॉन्क्लेव

# मिनरल रिसोर्सेस में नम्बर वन है मध्यप्रदेश

**खनिज सम्पदा पर केन्द्रित लगाई गई आकर्षक प्रदर्शनी**

**भोपाल में दो दिवसीय माईनिंग कॉन्क्लेव का हुआ शुभारंभ**

## म.प्र. में निवेश कर, प्रदेश तथा देश की विकास यात्रा में बनें सहभागी: मुख्य सचिव

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए की जा रही रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के साथ पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने आईएटीओ का अधिवेशन हुआ। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर भोपाल में दो दिवसीय माईनिंग कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव में प्रदेश की खनिज संपदा की विस्तार से जानकारी दी जाकर उद्योगपतियों को आमंत्रित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि प्रदेश में खनिज की प्रचुर मात्रा होने और राज्य सरकार की उद्योग नीति, निवेशकों को आकर्षित कर रही है। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्टीय कन्वेंशन सेंटर में गुरूवार को 2 दिवसीय माईनिंग कॉन्क्लेव का शुभारंभ मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने किया। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश का तेजी से विकसित होता राज्य है। प्रदेश मिनरल रिसोर्सेस में तो नम्बर वन है ही, यहां पानी, कोयला एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों की भी प्रचुरता है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस में हमारी सरकार निवेशक को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराती है।




### प्रदेश माईनिंग के क्षेत्र में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश विकास के क्षेत्र में देश में अग्रणी है। प्रदेश माईनिंग के क्षेत्र में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश में बिजली उपलब्धता के क्षेत्र में गुजरात के बाद मध्यप्रदेश नम्बर दो पर है। मध्यप्रदेश में वर्ष 2007 से निरंतर इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है परंतु इस बार मध्यप्रदेश में पहली बार पृथक से माईनिंग कॉन्क्लेव का आयोजन हो रहा है। यह कॉन्क्लेव निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित होगी। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश एक समावेशी राज्य है। यहां के लोग बहुत सरल और सहज है। मध्यप्रदेश में जो भी आकर बसता है, वह मध्यप्रदेश का हो जाता है। मध्यप्रदेश वह राज्य है जहां उद्योगों में फ्नो मेन डे लॉसफ्न है। यहां के श्रम कानून इंडस्ट्रीज फ्रेंडली हैं।

### मध्यप्रदेश में खनिज की अपार संपदा

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश में खनिज की अपार संपदा है। मध्यप्रदेश देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जहां हीरे का उत्पादन होता है। मध्यप्रदेश मैंगनीज और कॉपर अयस्क उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर, रॉक फॉस्फेट में दूसरे, चूना पत्थर में तीसरे और कोयला उत्पादन में चौथे स्थान पर है। मध्यप्रदेश में आगामी 200 वर्ष के लिये कोयले का रिजर्व भण्डार है। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि इस बार देश में सर्वाधिक कोल-ब्लॉक्स मध्यप्रदेश में नीलाम हुए।

### रीवा में स्थापित अल्ट्रा सोलर प्लांट अद्भुत है

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि प्रदेश में जल की प्रचुरता है। यहाँ पर नर्मदा नदी है जिसको प्रदेश की जीवनदायिनी कहते है। ऋग्वेद में कहा गया है कि यमुना नदी में 7 बार स्नान करने से, गंगा नदी में एक बार स्नान करने से और नर्मदा नदी के केवल दर्शन मात्र से ही पाप नष्ट हो जाते है। नर्मदा नदी में वर्ष भर पर्याप्त जल रहता है। मध्यप्रदेश नवाचारों में अग्रणी है। रीवा में स्थापित अल्ट्रा सोलर प्लांट अद्भुत है। यहाँ अन्य राज्यों से कम कीमत पर बिजली बनती है। मध्यप्रदेश एनर्जी सरप्लस स्टेट है। प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं के बारे में प्रेजेंटेशन दिया। श्री सिंह ने मध्यप्रदेश की विशेषताओं की जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश वन सम्पदा में भरपूर है और भारत में इसका 8वां नम्बर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कृषि क्षेत्र में भी अग्रणी है। प्रदेश 7 बार कृषि कर्मण अवार्ड से सम्मानित हो चुका है।

# नायब सैनी दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बने, 13 मंत्री बनाए




**पंचकूला, एजेंसी**

हरियाणा में नायब सैनी ने दूसरी बार सीएम पद की शपथ ले ली है। सैनी राज्य के 19वें मुख्यमंत्री बने। हालांकि मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने वाले वे 11वें नेता हैं। शपथ ग्रहण समारोह पंचकूला के दशहरा ग्राउंड में हुआ। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पीएम नरेंद्र मोदी शामिल हुए। शपथ ग्रहण में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और राजनाथ सिंह के साथ 18 राज्यों के सीएम व डिप्टी सीएम भी पहुंचे थे। ष्ट्रस्रू सैनी के साथ 13 मंत्रियों ने शपथ ली। जिनमें सबसे ज्यादा 5 चेहरे ओबीसी वर्ग से हैं। जाट, ब्राह्मण और स्ष्ट वर्ग से 2-2 मंत्री बनाए गए हैं। इसके अलावा पंजाबी, राजपूत और वैश्य बिरादरी से एक-एक मंत्री बनाया गया है। नए बनाए मंत्रियों में अनिल विज, कृष्णलाल पंवार, राव नरबीर, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल और कृष्ण बेदी पहले मंत्री रह चुके हैं। इसके अलावा रणबीर गंगवा पिछली बीजेपी सरकार में डिप्टी स्पीकर थे। नए चेहरों में अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, आरती राव, श्रुति चौधरी और गौरव गौतम पहली बार मंत्री बने हैं। भाजपा ने हरियाणा में क्क राजस्थान और मध्यप्रदेश की तरह डिप्टी ष्ट्रस्रू बनाने का फॉर्मूला नहीं अपनाया। नई कैबिनेट में शामिल तीन मंत्रियों ने अपना पेशा किसानी बताया है। इन मंत्रियों में रणबीर गंगवा, राव नरबीर सिंह और श्याम सिंह राणा शामिल हैं। गंगवा ने किसानी के साथ समाजसेवा को भी अपना पेशा बताया है। कैबिनेट के सबसे युवा मंत्री गौरव गौतम ने भी अपना पेशा समाजसेवा बताया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समेत पांच मंत्रियों ने राजनीति को ही अपना पेशा बताया है।

## रेलवे ने एडवांस टिकट बुकिंग की समय सीमा घटाकर 60 दिन की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रेलवे ने एडवांस टिकट बुकिंग के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब एडवांस रिजर्वेशन की समयसीमा 120 दिनों से घटा कर 60 दिन कर दी गयी है। यात्री अब 4 महीने की बजाय 2 महीने पहले से रिजर्वेशन करवा पाएंगे। हालांकि विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की समय सीमा में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। रेल मंत्रालय के अनुसार मंत्रालय ने 1 नवंबर से टिकटों के एडवांस आरक्षण की समय सीमा को यात्रा के दिन को



छोड़कर 120 दिनों से घटाकर 60 दिन कर दिया है। रेलवे का ये नियम 1 नवंबर से लागू होगा। अब तक जिन लोगों ने पहले से ही बुकिंग करवा रखी है, उनका रिजर्वेशन बरकरार रहेगा। 31 अक्टूबर तक लोग 120 दिनों के भीतर यात्रा के लिए रिजर्वेशन करवा सकते हैं।

## देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश होंगे जस्टिस संजीव खन्ना, 11 नवंबर को लेंगे शपथ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना 11 नवंबर को देश के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। चीफ जस्टिस डीवाई



चंद्रचूड़ ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में उनके नाम की औपचारिक सिफारिश केंद्र सरकार से की है। गौरतलब है कि चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ इस साल 10 नवंबर को रिटायर हो रहें हैं। जस्टिस संजीव खन्ना दूसरे वरिष्ठतम जज हैं। जस्टिस संजीव खन्ना को 2019 में सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त किया गया था। जस्टिस संजीव खन्ना का मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यकाल 11 नवंबर से 13 मई 2025 तक का होगा। न्यायमूर्ति खन्ना का कानूनी करियर काफी शानदार रहा है, जिसमें उनके पास काफी अनुभव है और उन्होंने भारत के न्यायिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**बांग्लादेश: अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने**

## हसीना और 45 अवामी लीग के नेताओं के खिलाफ जारी किया अरेस्ट वारंट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने आज गुरुवार को बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और अवामी लीग के 45 प्रमुख नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। द डेली स्टार के मुताबिक यह वारंट जुलाई-अगस्त माह में विद्रोह के दौरान मानवता के खिलाफ किए गए कथित अपराधों के लिए जारी किया गया है। यह फैसला तब आया



जब अभियोजन पक्ष ने न्यायाधिकरण में दो याचिकाएं दायर कर इन लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की मांग की थी। मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम ने द डेली स्टार को बताया कि न्यायाधिकरण ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे शेख हसीना और अन्य 45 आरोपियों को 18 नवंबर से पहले गिरफ्तार कर अदालत में पेश करें।

प्रधानमंत्री मोदी से सपरिवार मिले शिवराज

## दोनों बेटों की शादी का दिया न्योता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सपरिवार



मुलाकात की और अपने दोनों बेटों के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए उनको आमंत्रित किया। शिवराज सिंह ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर इस मुलाकात की फोटो साझा किया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपनी धर्मपत्नी साधना और दोनों बेटों कार्तिकेय एवं कुणाल के साथ भेंट की। हमने प्रधानमंत्री को दोनों बेटों की शादी में आने का निमंत्रण दिया और उनसे आशीर्वाद लिया। उन्होंने एक्स पर आगे लिखा कि स्नेह, प्रेम, आत्मीयता और अपनेपन से भरे प्रधानमंत्री जी अभिभावक और बड़े भाई हैं। वह मानवीय संवेदनाओं से भरे अत्यंत सहज और सरल हैं। प्रधानमंत्री से मिलकर मन भावुक हो गया।

**खास खबर** | वारेन वफट का मनी मंत्र, प्रॉपर्टी से अच्छा है निवेश मार्केट

## 11 लाख करोड़ का मालिक लेकिन घर केवल एक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हम बात कर रहे हैं दुनिया के सबसे महान निवेशकों में से एक, वॉरेन बफेट की, जिन्होंने अपने जीवन की शुरुआत छोटी-छोटी चीज़ों को बेचकर की और बाद में दुनिया के सबसे अमीर और सफल निवेशकों में शामिल हो गए। बफेट की निवेश यात्रा इतनी प्रेरणादायक है कि उन्होंने अपनी समझदारी और धैर्य से शेयर बाजार में भारी मुनाफा कमाया, जिसे देखकर दुनिया भर के निवेशक उनसे सीखते हैं।



आइए, जानते हैं उनकी अनोखी यात्रा के कुछ खास पहलुओं के बारे में। वॉरेन बफेट का निवेश में रुझान उनके पिता हॉवर्ड बफेट से आया, जो एक स्टॉक ब्रोकर थे। बचपन से ही शेयर बाजार में दिलचस्पी रखने वाले वॉरेन ने 6 साल की उम्र में पैसे कमाने की शुरुआत की। वे चुइंग गम, कोका-कोला की बोतलें और गोल्फ की गेंदें बेचते थे। इसके अलावा, न्यूजपेपर और पॉपकॉर्न बेचकर भी उन्होंने पैसे जुटाए। साल 1942 में, जब उनकी उम्र केवल 11 साल थी, उन्होंने 120 डॉलर (जो उस समय लगभग 120 रुपये के बराबर थे) जमा किए और अपनी बहन डोरिस के साथ मिलकर अपने पहले शेयर खरीदे। ये शेयर अमेरिकी पेट्रोलियम कंपनी सिटीज सर्विस के थे। पहली बार में ही उन्होंने 5 डॉलर का मुनाफा कमाया, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि थी और यहीं से उनकी निवेश यात्रा शुरू हुई।

कार्यालयः भोपाल ■ शहडोल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ होशंगाबाद ■ विदिशा ■ सीहोर ■ बैतूल ■ छिंदवाड़ा ■ ग्वालियर ■ ब्यौहारी ■ अनूपपुर ■ उमरिया ■ सीधी ■ सिंगरौली ■ रीवा ■ सतना ■ बालाघाट ■ सिवनी ■ कटनी ■ सागर ■ मुलताई ■ मुरैना ■ टीकमगढ़ ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ भिलाई

# पांच वर्षों में गुम हुए 25 लाख की 175 मोबाइल किया बरामद

## मोबाइल स्वामियों को किया गया सुपुर्द, धारकों के चेहरे पर लौटी खुशियां



**विजय मत,अनूपपुर।**

पुलिस ने पिछले पांच वर्षो से गुम हुए अनुमानित 25 लाख की 175 मोबाइल को उसके धारकों को वापस लौटाकर उसके चेहरे पर पुन: खुशियां बिखेर दी है। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने जिले में विशेष अभियान के तहत थानावार रिकवर किए गए मोबाइल का कलेक्टर सभागार में उसके धारकों के बीच सुपुर्दी की कार्रवाई की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सायबर सेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय अनूपपुर के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय को सीधे प्राप्त होने वाली एवं थाना/चौकी में लंबित मोबाईल गुम संबंधी पिछले 5 वर्षों की शिकायतों को एकत्र कर ट्रेस कर संबंधित थानों को रिकवरी के लिए भेजा गया था। जिस पर जिले के सभी थानों के द्वारा अनूपपुर जिला, मप्र के अन्य जिलों एवं विभिन्न राज्यों से कुल 175 मोबाईल फोन कीमत लगभग 25 लाख रुपए रिकवर कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय भेजा गया था। रिकवर किए गए मोबाइल स्वामियों को गुरूवार को सुपुर्द किया गया है। जिससें मोबाईल स्वामी के चेहरे में खुशी की लहर देखी गई और उनका पुलिस के प्रति विश्वास की भावना भी जागृत हुई। इस दौरान अति.पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी, एसडीओपी पुष्पराजगढ़ नवीन तिवारी, यातायात प्रभारी ज्योति दुबे, रक्षित निरीक्षक सूबेदार विनोद दुबे, थाना प्रभारी कोतवाली अरविंद जैन, चचाई एसपी शुक्ला, जैतहरी पीसी कोल, भालूमाड़ा राकेश उईके, कोतमा सुन्द्रेश मरावी, बिजुरी विकास सिंह, रामनगर अमर वर्मा, राजेन्द्रग्राम वीरेन्द्र बरकडे, अमरकंटक कलिराम परते, करनपठार संजय खलकों, फुनगा सुमित कौशिक, सरई मंगला दुबे, देवहरा आरएन मिश्रा, वेकटनगर अमरलाल यादव, सायबर सेल प्रभारी प्रआर.राजेन्द्र अहिरवार, आर. पंकज मिश्रा, राजेन्द्र केवट उपस्थित रहें।

# नपा क्षेत्र की 11 मोबाइल टावर कंपनियों पर 10 लाख से अधिक का बकाया

## बिजली विभाग को बिजली कनेक्शन विच्छेद करने भेजे गए चार नोटिस बाद भी विभाग की नहीं हुई कार्रवाई

**विजय मत,अनूपपुर।**

जिला मुख्यालय नगरीय क्षेत्र अनूपपुर नगरपालिका के क्षेत्राधिकार के भीतर विभिन्न कंपनियों की 11 मोबाइल टावर बिना नवीनीकरण प्रक्रियाएं पूरी किए अवैध तरीके से अपनी सेवाएं दे रही है। इन मोबाइल टावर कंपनियों ने प्रशासन से टावर लगाने अनुमति तो लिए, लेकिन अब इनकी नवीनीकरण की समयावधि समाप्त हो चुकी है, जहां अनुज्ञा के एवज में जुर्माना की वसूली के रूप में लगभग 10 लाख से अधिक का टैक्स बकाया बताया जा रहा है। जिसे वसूलने अब नगरीय प्रशासक को पसीने उतर रहे हैं, क्योंकि यहां मोबाइल कंपनियों की टावर भगवान भरोसे संचालित हो रही है। इन मोबाइल टावर कंपनियों ने किसी के नाम जमीन पर अपनी टावर लगाया है, कहीं लगे अन्य टावर के चारदीवारी पर सालों से ताले लटक रहे हैं। जिसके कारण यहां जुर्माने के रूप में टैक्स वसूली का काम नहीं हो पा रहा है। नगरपालिका अनूपपुर राजस्व विभाग के अनुसाार मोबाइल टावर से नवीनीकरण को लेकर आडिट के उपरांत 15 साल बाद आदेश आए है, जहां 24 अप्रैल 2021 को सभी मोबाइल टावर कंपनियों के खिलाफ नोटिस जारी कर जुर्माना वसूली की प्रक्रिया आरंभ की गई, लेकिन कर्मचारियों ने नोटिस लेकर जैसे ही टावर कंपनियों के परिसर पहुंचे, तो पता चला यहां किसी की जमीन तो किसी अन्य कंपनी का टावर, तो कहीं गेट पर ताला तो किसी ने उसकी जिम्मेदारी से अपना पल्ला झाड़ते हुए कार्रवाई किए जाने का आश्वासन तक दे डाला।

**पांच साल में कराना होता है नवीनीकरण की प्रक्रिया**–जानकारी के अनुसार मोबाइल टावर प्रशासन की अनुमति से लगाए जाते हैं, लेकिन प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक पांच साल में उसका नवीनीकरण किया जाना आवश्यक है। लेकिन इस दौरान 30 दिसम्बर 2005 से 30 मई 2013 तक लगभग 11 मोबाइल कंपनियों ने नगरीय क्षेत्र अनूपपुर में टावर लगाएं। यहां इन कंपनियों ने अब तक कभी नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया और ना ही अनुज्ञा के एवज में जुर्माने की राशि जमा की।

**इन कंपनियों के लगे हैं मोबाइल टावर, जुर्माना की राशि नहीं हुआ जमा**–नगरीय क्षेत्र में एयरटेल भारती टेली वेंचर्स लिमि भोपाल 2005, बीटीए सेलकॉ लिमि परदेशिया पुरा इंदौर 2006, रिलायंस टेलिकॉम लिमि. 2007, क्योको टेलिकॉम लिमि इंदौर 2007, मेसर्स टाटा टेली इन्फो सर्विसेस हैदराबाद 2008, मेसर्स वायरलेस टाटा इंफो सर्विसेस लिमि 2008, मेसर्स भारती इंफ्राटेक लिमि इंदौर 2009, मेसर्स वोडाफोन एस्सार स्पेक्टल लिमि भोपाल 2009, मेसर्स वोडाफोन एस्सार स्पेक्टल लिमि भोपाल 2009, मेसर्स वोडाफोन एस्सार स्पेक्टल लिमि भोपाल 2009, मेसर्स एटीसी टेलीकॉम टावर कॉपरेशन लिमि भोपाल 2013 शामिल हैं। इन सभी कंपनियों के उपर 10 लाख की जुर्माना राशि लदी है।

**नोटिस के बाद भी नहीं की विच्छेद करने की कार्रवाई**–नपा के राजस्व वसूली की प्रक्रिया में यहां बिजली विभाग की लापरवाही भी सामने आई है। नगरपालिका प्रशासन द्वारा 26 अक्टूबर 2021 को जारी किए गए नोटिस पत्र जिसमें इन कपंनियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही बिजली के कनेक्शन को विच्छेद करने की कार्रवाई की अपील की थी। लेकिन यहां बिजली विभाग के अधिकारियों ने नगरपालिका अनूपपुर द्वारा भेजे गए चार नोटिस (स्मरण पत्र)के बाद भी बिजली विच्छेद करने की कार्रवाई नहीं की है। नपा का मानना है कि जब टावर काम करना बंद कर देंगे और सेवाएं बाधित होगी तो कंपनियां स्वयं मौके पर मौजूद होगी। फिलहाल नगरपालिका को 10 लाख का हानि हो रहा है।

### इनका कहना है

मोबाइल टावर कंपनियों को नोटिस जारी किया गया था, इनसे अनुज्ञा के एवज में लगभग 10 लाख की जुर्माना राशि वसूल किया जाना है। अभी तक किसी कंपनी की ओर से नवीनीकरण नहीं कराया गया है। बिजली विभाग से कनेक्शन विच्छेद के लिए नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन विभाग ने भी कार्रवाई नहीं की है।

**डीएन मिश्रा,** प्रभारी सीएमओ नगरपालिका अनूपपुर।

## पैर फिसलने से आई चोट, उपचार के दौरान वृद्धा की मौत

अनूपपुर। जिला अस्पताल में गंभीर चोट से पीड़ित इलाज के लिए भर्ती हुई 70 वर्षीय वृद्धा धनमतिया राठौर की उपचार के दौरान बुधवार की रात मौत हो गई। वृद्धा अपनी पुत्री के यहां रह रही थी। जिसे बुधवार की सुबह अचानक पैर फिसल जाने से सिर में गंभीर चोट आने पर परिजनों द्वारा उपचार के लिए भर्ती किया गया था। बताया जाता है कि जैतहरी थाना अंतर्गत ग्राम चोई निवासी 70 वर्षीय धनमतिया राठौर पति स्व.प्रमोदी राठौर जो पिछले दिनों अपनी पुत्री के यहां भालूमाड़ा थाना अंतर्गत दैखल गाव गई हुई थी। बुधवार की सुबह ब्रश मंजन करने के लिए बाथरूम के पास गई, लेकिन उसका पैर फिसलने से गिर जाने पर सिर में गंभीर चोटें आई थी। जिला अस्पताल में उपचार दौरान देर रात वृद्धा की मौत हो गई। ड्यूटी डॉक्टर एमडी औजेर की सूचना पर गुरूवार की सुबह पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पीएम उपरांत परिजनों को सौंप दिया है ।

## न्यूज इन शॉर्ट



### रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस ने किया जब्त

अनूपपुर। रेत के अवैध परिवहन के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है, जिसके कारण रोजाना किसी न किसी थाने में वाहन जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। 17 अक्टूबर को भी फुनगा चौकी पुलिस ने मुखबिर से सूचना मिली कि 1 ट्रैक्टर ट्रॉली अवैध रेत खनिज गोडारू नाला से उत्खनन कर परिवहन कर छिल्पा तरफ से ग्राम फुनगा तरफ आ रहा है। सूचना पर फुनगा पुलिस ने मुखबिर के बताए स्थान पर ट्रैक्टर एमपी 18 एए 6051 का रोका। ट्रैक्टर चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम अशोक कुमार महरा पिता बाबूलाल महरा उम्र 35 वर्ष निवासी सड्डी थाना कोतमा अनूपपुर व ट्रैक्टर मालिक सुनील कुमार मिश्रा पिता बैजनाथ मिश्रा उम्र 36 वर्ष निवासी सड्डी कोतमा का होना बताया गया। ट्रैक्टर में लोड रेत के संबंध में दस्तावेज मांगने कोई भी वैध दस्तावेज ना होना केवल स्वयं का ड्राइविंग लाइसेंस होना बताया गया। ट्रैक्टर ट्राली में 3 घन मीटर रेत कीमत 5 हजार रुपए व ट्रैक्टर ट्रॉली कीमत 6 लाख सहित कुल मशरूका 6 लाख 5 हजार रुपए को गवाहों के समक्ष जब्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2),317(5) बीएनएस व 4/21 खान खनिज अधिनियम तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी फुनगा सुमित कौशिक, सउनि कोमल अरजरिया, आरक्षक राकेश कनासे, वीर सिंह पाल शामिल रहे।

### पड़मनिया में राजस्व एवं जन समस्या निवारण शिविर आज

अनूपपुर। जिला प्रशासन द्वारा तहसील पुष्पराजगढ़ के राजस्व वृत्त पड़मनिया में शुक्रवार 18 अक्टूबर को ग्राम पंचायत परिसर में राजस्व सहित जन समस्याओं के निवारण के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में ग्राम पंचायत पड़मनिया सहित ग्राम बड़ीतुम्मी, खरसोल, गिजरी, सरफा, मिट्ठू महुआ, कोडार, कुम्हनी ग्रामों के ग्रामीण लाभान्वित हो सकेंगे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने तहसीलदार पुष्पराजगढ़ व जनपद सीईओ को शिविर के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिविर में जन समस्या रजिस्टर एवं राजस्व प्रकरण रजिस्टर संधारित करते हुए प्रकरणों के निराकरण की कार्रवाई करने को कहा है। ग्राम पड़मनिया में आयोजित शिविर से सम्बद्ध लाभान्वित ग्रामों में नोडल अधिकारी सुबह 9 बजे पंचायत मुख्यालय पर दस्तक देकर जन समस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके बाद दोपहर 1.30 बजे राजस्व वृत्त पड़मनिया में सभी सम्बद्ध ग्रामों के सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी, राशन विक्रेता, एएनएम आदि ग्राम स्तरीय अमला व विकासखंड एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण करेंगे। कलेक्टर हर्षल पंचोली के अनुसार शिविर में नामांतरण, बटवारा राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा।

### जिपं सामान्य सभा की बैठक 18 की जगह 22 अक्टूबर को होगी

अनूपपुर। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 18 अक्टूबर की बजाय अब 22 अक्टूबर की दोपहर 2 बजे से जिपं सभागार में आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए जिपं सीइओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने बताया है कि 18 अक्टूबर को पुष्पराजगढ़ तहसील के राजस्व वृत्त पड़मनिया में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन रखा गया है, जिसमें अधिकारियों की उपस्थिति होने से जिपं सामान्य सभा की बैठक 18 की जगह 22 अक्टूबर को निर्धारित की गई है।

### सात दिवस के अंदर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

उमरिया - कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने अनुविभागीय दंडाधिकारी बांधवगढ, पाली, मानपुर, तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पाली, उमरिया से कहा है कि पटाखा , मैगजीन लायसेंसधारियो व्दारा उपयोग मे लाई जाने वाली विस्फोटक सामग्रियों जिलेटिन राड, इलेक्ट्रानिक डेटोनेटर, डेटोनेटर यूज, नाइट्रेट मिक्सर, बारूद एवं अन्य रसायन आदि के संबंध में स्थल निरीक्षण कर, उनके भंडारण विस्फोटको की मात्रा संख्या एवं अवधि में प्राप्त की गई मात्रा, उपयोग की गई मात्रा तथा शेष मात्रा एवं विस्फोटको के परिवहन हेतु निर्धारित किए गए वाहन आदि के संबंध में जांच कर विस्तृत जांच प्रतिवेदन 7 सात दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से अवगत कराएं।

# पुलिस ने गैर इरादतन हत्या करने वाले चार आरोपी को किया गिरफ्तार

## जंगली जानवर के शिकार के लिए लगाए गए बिजली की करंट से किशोर की हुई थी मौत



**विजय मत,अनूपपुर।**

कोतमा थाना क्षेत्र के ग्राम लेदरा में 14 अक्टूबर को जंगली जानवर के शिकार के लिए लगाए गए बिजली की करंट में 16 वर्षीय किशोर अर्जुन सिंह गोंड पिता हेतराम सिंह गोंड की मौत के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसे न्यायालय पेश किया है। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह मरावी ने बताया कि 14 अक्टूबर को फरियादी हेतराम सिंह गोंड़ निवासी ग्राम लेदरा द्वारा सूचना दिया था कि इसका लडक़ा अर्जुन सिंह गोंड सुबह में नित्यक्रिया के लिए तालाब तरफ गया था। जिसकी लाश रात करीब 8 बजे बरमसिया की झाड़ी में मिली है। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जंगली जानवर मारने के लिए नंगी जीआई तार 11000 वोल्टेज में करंट लगाकर रखा गया था। जिसमें अर्जुन सिंह की करंट लगने से मौत हो गई है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। घटना दिनांक को ही गांव की अमृत लाल यादव की बच्ची भी नित्यक्रिया के लिए गई थी, जिसे भी करंट लगने से घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस शिकायत के मिलने पर करंट से अर्जुन सिंह की मृत्यु होना एवं अमृतलाल की बच्ची घायल होना पाया गया है जिस पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 105 ,125 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में आसपास के गांव के संदेहियों से लगातार पूछताछ किया गया, जिसमें 40 वर्षीय मानसिंह पिता भूखन सिंह, 30 वर्षीय कृपाल सिंह पिता भंवर सिंह दोनों निवासी लेदरा एवं 45 वर्षीय रामजी सिंह पिता दुवल सिंह, 35 वर्षीय श्री सिंह उर्फ अश्वनी सिंह पिता बलधारी सिंह दोनों निवासी जमुनिहा थाना कोतमा के द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने पर आरोपियों से घटना में प्रयुक्त नंगी जीआई तार एवं तार फैलाने के लिए उपयोग में लाई गई लकड़ी डंडा जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह ,सहायक उप निरीक्षक बृजेश पांडेय, चंद्रहास बांधेकर, प्रधान आरक्षक रामपाल पटेल रामखेलावन यादव, आरक्षक नरेंद्र, अभय त्रिपाठी, दिनेश किराडे, जितेंद्र मंडलोई, साइबर सेल प्रधान आरक्षक राजेंद्र अहिरवार, आरक्षक पंकज मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


## कार्यालय वनमंडलाधिकारी, वनमंडल उमरिया (म.प्र.)

फोन (कार्यालय-222217ई-मेल-dfotumaria@mp.gov.in

क्रमांक/ई-टेण्डर/2024/1813 उमरिया, दिनांक 7 11.10.2024

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

वनमंडल उमरिया के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्माण कार्यों हेतु GST पंजीकृत व्यक्तियों/निर्माताओं एवं फर्मो से ऑनलाईन निविदाएं https://mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| Specifications | Item Group No | Item Name | माप/आकार का विवरण | अनुमानित मात्रा | प्रदाय स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| IS 12701: 1996 | 01 | Water Tank - ISI Double Layer 200 Lit | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | समस्त परिक्षेत्र कार्य स्थल तक (For) दर अंतर्गत |
| IS 12701: 1996 | | Water Tank-ISI Double Layer 500 Lit | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 12701:1996 | | Water Tank-ISI Double Layer 1000Lit | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 12701: 1996 | | Water Tank-ISI Double Layer 2000Lit | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | 02 | UPVC Pipe 1/2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Pipe 3/4 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Pipe 1 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Pipe 2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 13592: 2013 | | PVC drain Pipe 2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 13592: 2013 | | PVC drain Pipe 4 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | 03 | UPVC Socket 1/2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Socket 3/4 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Socket 1 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Socket 2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| 15 4985: 2021 | | UPVC Socket 2 inch | | | |
| IS 4985: 2021 | 04 | UPVC Elbow 1/2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Elbow 3/4 inch. | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Elbow 1 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Elbow 2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC tee 1/2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC tee 3/4 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC tee 1 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC tee 2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Coupling 1/2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Coupling 3/4 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Coupling 1 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Coupling 2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Union 1/2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Union 3/4 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Union 1 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Union 2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| 15 4985: 2021 | 05 | UPVC Ball Valve 1/2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Ball Valve 3/4 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Ball Valve 1 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Ball Valve 2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Tank nipple 1/2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Tank nipple 3/4 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Tank nipple 1 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Tank nipple 2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Brass Tee 1/2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Brass Tee 3/4 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Brass Tee 1 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 4985: 2021 | | UPVC Brass Tee 2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 2556(PART-3):2004 | 06 | Indian toilet Seat | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 2556(PART-2):2004 | | Western toilet Seat | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 2556(PART-8):2021 | | Close coupled and one piece pedestal western seat | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| | | | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 7231: 2021 | | Cistern (Plastic) | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 2556(PART-4):2004 | 07 | Wasbasin (Ceramic/Vitreous) | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| IS 13983: 1994 | | Stainless Steel Sink | | | |
| | 08 | Brass Handel Valve 1/2 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |
| | | Brass Handel Valve 1 inch | प्रति नग | आवश्यकतानुसार | |

इस निविदा के लिए दिनांक 16.10.2024 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे है। टेण्डर की विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 04.11.2024 दोपहर 03.00 बजे तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 05.11.2024 को दोपहर 03.00 बजे रहेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं शर्ते वन विभाग की वेबसाईट www.mpforest.gov.in के निविदा सेक्शन पर देखी जा सकती है।

G-17813/24

स्त्र/-
वनमंडलाधिकारी
सामान्य, वनमंडल उमरिया (म.प्र.)


# शराब के नशे में खेत में बने मकान के गेट पर चढ़ा युवक

## पुलिस की तत्परता से युवक की बची जान, एसपी ने पुरूस्कृत किए जाने की घोषणा



**विजय मत,अनूपपुर।**

कोतवाली थाना क्षेत्र के परसवार गांव में मकान मालिक की सतर्कता और सूचना पर पुलिस जवानों की तत्परता में बुधवार की रात कुंए में गिरे युवक की जान बच गई। कोतवाली पुलिस ने रात के समय गहरे कुंए में गिरे युवक को सकुशल बाहर निकाल उसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। बताया जाता है कि बुधवार की रात्रि करीब 10बजे शैलेन्द्र सिहं निवासी अनूपपुर ने कोतवाली थाना प्रभारी अरविन्द जैन को सूचना दी गई कि ईदगाह के पीछे चंदास नदी के ऊपर परसवार में सीताशरण तिवारी के खेत में बने मकान के गेट के पर कोई युवक घुसते देखे जाने पर सीताशरण तिवारी द्वारा चिल्लाया गया तो वह नवयुवक भागा और पास में बने गहरे कुंए में गिर गया है। सूचना तत्काल पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान दी गई, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची। कुंए के अंदर झांकने पर पाया गया कि युवक पत्थर के सहारे कुंए में लटका हुआ था और कुंए में सर्प भी मौजूद था। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए युवक को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाल कर रेस्क्यू किया और जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

**शराब पीने के बाद गेट पर चढ़ा था युवक, घबराकर भागने में गिरा कुंए में**–थाना प्रभारी अरविन्द जैन ने बताया कि पूछताछ में 23 वर्षीय युवक सम्भर सिहं पिता जयलाल सिहं निवासी ग्राम पौनी थाना करनपठार अनूपपुर ने बताया कि वह अनूपपुर में पल्लेदारी का काम करता है, और रात्रि के समय राय पेट्रोल पंप के पास ईदगाह के पीछे चंदास नदी के ऊपर शराब पीने के बाद नशे की हालत में खेत में बने घर के गेट पर चला गया था। तभी मकान मालिक द्वारा चिल्लाने पर घबराकर भागा और कुंए में गिर गया। तभी पीछा करते हुए खेत मालिक सीताशरण तिवारी ने पानी में छपाक की आवाज सुनकर इसकी सूचना पुलिस तक पहुंचाई। पुलिस अधीक्षक ने टीम में शामिल टीआई अरविन्द जैन, सहायक उपनिरीक्षक गोविन्द पनिका, प्रधान आरक्षक दिनेश पाटिल, आरक्षक राजेश बड़ोले, गुपाल यादव को पुरूष्कृत किए जाने की घोषणा की है।

## न्यूज इन शॉर्ट



### पतौर पनपथा मार्ग पर सडक पर आया हाथी , आवागमन हुआ बाधित

उमरिया । बांधवगढ टाईगर रिजर्व अंतर्गत पतौर पनपथा में एक नर हाथी सडक पर आ गया जिससे आवागमन बाधित हो गया। मामले की जानकारी पार्क अमले को मिलते ही पतौर और पनपथा रेंज स्टाफमौके पर पहुंचा और काफी देर के प्रयास के बाद नर हाथी को वन क्षेत्र में हांकने में कामयाबी मिली है। बताया जाता है कि इस बीच लगभग 1 घंटे तक आवागमन बाधित रहा ।पतौर वन परिक्षेत्राधिकारी अर्पित मैराल ने बताया कि मार्ग में जैसे ही नर हाथी होने की जानकारी मिली,तभी उच्च अधिकारियों के निर्देशन में पतौर और पनपथा स्टाफके साथ मौके पर पहुंचे और काफी देर के प्रयास के बाद नर हाथी को जंगल की ओर हांका गया है।इस दौरान वाहन चालकों ने भी सहयोग किया है।गौरतलब है की इस स्टेट हाइवे मार्ग में आए दिन हाथियों द्वारा मार्ग बाधित किया जाता है। पिछले एक हते में 4 से 5 बार हाथियों की वजह से आवागमन बाधित रहा और जाम की स्तिथि निर्मित हुई है।

### उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देश पर मुंगवानी गांव में अतिक्रमण हटाने की गई कार्यवाही



उमरिया। उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देश पर इंदवार थाना अंतर्गत ग्राम मुंगवानी में अतिक्रमण हटाए गए । कार्यवाही के समय तहसीलदार मानपुर एवं पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा । इस दौरान बुल्डोजर के माध्यम से कई अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया । अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही गत दिवस की गई ।

### जिला व्यापार एवं उद्योग केंन्द्र में एक दिवसीय रोजगार मेला 22 अक्टूबर को

उमरिया । जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय उमरिया द्वारा एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन 22 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र उमरिया किया गया गया है। रोजगार मेले में एल आई सी उमरिया, ग्रेड आग्रानिक डायमंड प्राइवेट लिमिटेड, सागर मेनुफेक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड, एस आई एस सिक्योरिटी सिंगरौली की कंपनी हिस्सो लेगी ।

### पहले खिलाया पिलाया फिर कर दिया जानलेवा हमला

सीधी। जिले के कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रौहाल के कोटमा में एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर दिया गया, जिससे पीड़ित को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था लेकिन स्वास्थ में सुधार न होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी मोतीलाल सिंह पिता रघुनाथ सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी कोटमा को 16 अक्टूबर को रात्रि कोटमा एवं कवछ गांव के कुछ लोगों द्वारा अपने साथ ले जाकर शराब पिलाई फिर मुर्गा खिलाएं और नशें के हालत में उससे विवाद कर मारपीट करने लगे। ग्रामीणों के अनुसार आरोपियों ने बुरी तरह से मारपीट कर धान के खेत मे फेक दिया था, इस मारपीट में मोतीलाल को गंभीर चोटें आई है, ग्रामीणों की मदद से घायल को पहले उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में भर्ती कराया गया लेकिन स्वास्थ में सुधार न होने के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं इस मामले की जानकारी मिलने पर कुसमी पुलिस ने पीड़ित का बयान दर्ज कर मामला पंजीबद्ध करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### मांगों के समर्थन में बीएमएस यूनियन का धरना आज

सीधी । भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध अल्ट्राटेक सीमेंट कर्मचारी एवं खदान श्रमिक संघ मझिगवां सीधी ट्रेड यूनियन द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की इकाई सीधी सीमेंट प्लांट में कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों तथा कामगारों की समृद्धि हेतु पूर्व में प्रेषित किए गए ध्यानाकर्षण, तथा स्मरण पत्र एवं मांग पत्रों के समर्थन में 18, अक्टूबर 2024, को धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया है। उक्त संबंधी जानकारी से अवगत कराते हुए ट्रेड यूनियन अध्यक्ष वीरभानु सिंह ने बताया कि अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट प्रबंधन श्रमिकों के हितार्थ सकारात्मक पहल किए जाने के स्थान पर श्रमिकों के बीच अशांतिपूर्ण वातावरण निर्मित कर कुप्रबंधन शैली रूपक कार्यो को बढ़ावा दिया जाकर श्रमिकों का बहु-आयामी शोषण किया जा रहा है। कार्यरत श्रमिक मूलभूत तथा बुनियादी एवं औद्योगिक प्रतिष्ठान के विहित प्रावधानों के लाभ तथा व्यवस्थाओं से पृथक हैं। प्रबंधन की हठधर्मिता तथा श्रमिक विरोधी क्रियान्वयन से श्रमिक पीड़ित तथा व्यथित हैं। उन्होंने जारी विज्ञप्ति में बताया कि यूनियन की ओर से प्रबंधन को बीते 14, जून, 25 जुलाई, नौ अगस्त तथा 31, अगस्त 2024, को पत्र प्रेषित किया गया था, तथा समन्वयात्मक रूप से सकारात्मक पहल किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई थी। जिसके संबंध में प्रबंधन की ओर से अख्तियार की गई गतिविधियों के फलस्वरूप यूनियन द्वारा बीते नौ, दस, तथा तेरह सितंबर 2024, को श्रमायुक्त कार्यालय एवं जिला प्रशासन को पत्र प्रेषित कर अवगत कराया गया था।

---

मंगलवार को मध्यान भोजन में बच्चों को नहीं मिल रही पूड़ी सब्जी

# स्कूलों में प्रभारी प्राचार्य की मनमानी

**विजय मत, घुनघुटी।**

पाली विकासखंड के ट्राईबल स्कूलों का हाल बेहाल है यहां स्कूल संचालक की लापरवाही से बच्चों का भविष्य अंधकार में होता प्रतीत हो रहा है, विकासखंड स्तर के अधिकारी इस व्यवस्था की ओर कतई ध्यान नहीं दे रहे,दूसरी ओर देखा जा रहा है कि पाली ब्लॉक के 10वीं 12वीं स्कूलों की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट क्या था इसे देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है, हालांकि क्षेत्र के स्कूलों में परीक्षा के बाद ही पता चलेगा।



### 12:00 बजे आते है शिक्षक 3:00 बजे चले जाते हैं

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि हमारे गांव के स्कूल में शिक्षक आए दिन 12 से 1रू00 तक आते हैं और समय से पहले चले जाते हैं इतना भी नहीं यहां के प्रभारी प्राचार्य ही समय से नहीं आते तो शिक्षक कैसे समय से आएंगे, ऐसे में बच्चों का भविष्य अंधकार में तो कैसे बच्चे होंगे बोर्ड परीक्षा में पास,शिक्षा व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है

'मंगलवार को नहीं मिलता पूड़ी सब्जी तो कभी-कभी मध्यान्ह भोजन ही नहीं मिलता' कठई,जमडी, भीम्माडोंगरी,पहाड़िया ऐसे स्कूलों में मंगलवार के दिन बच्चों को खीर पूरी नहीं दिया जाता,जबकि शासन द्वारा समूह को सभी सामान व पैसा उपलब्ध कराते है,

पाली जनपद की कई ऐसे माध्यमिक प्राथमिक शाला स्कूल है जहां मध्यान्ह भोजन के नाम पर भारी भ्रष्टाचार हो रहा है बच्चों का खाना खा रहे समूह संचालक,यहां पाली बीआरसी इस ओर ध्यान नहीं दे रही है कहीं मध्यान्ह भोजन बन रहा है तो कहीं नहीं बन रहा है जबकि इस बात की जानकारी जिला में बैठे अधिकारियों को भी है लेकिन इस पर कोई कार्यवाही नहीं होती है।

# सडक हादसे में आटो हुआ चारो खाने चित्त, घायलो का इलाज जारी





**विजय मत, उमरिया।**

जिला मुख्यालय के अमहा रेलवे फाटक के आगे हाइवे पर सड़क हादसे में खडे आटो पर बाईक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी । घटना में कई लोगो को चोटे आई है। घटना के बाद घायलों को 108 की सहायता से जिला अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज किया जा रहा हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार करकेली की ओर से ऑटो आ रहा था,जो घटना के समय खड़ा था,पीछे से अमहा निवासी तीन बाइक सवार तेज़ रतार में आये और ऑटो में टक्कर मारी है,ऑटो-बाइक भिड़ंत इतनी ज़बरदस्त थी,कि घटना स्थल पर सवारी समेत ऑटो पलट गया और बाइक सवार भी घटना स्थल पर चारों खाने चित्त हो गए। घटना में अमहा निवासी राकेश पिता महेश सिंह उम्र 32,उमेश पिता छोटेलाल यादव उम्र 31 वर्ष,सूरज पिता पलझू बैगा उम्र 30 वर्ष घायल हुए है,इसके अलावा घायलों में ऑटो सवार सुमित पिता संतोष सेन हरदुआ,भाई केशव पिता सुरेश सेन 24 बहन खुशबू सेन उम्र 19 वर्ष दोनों निवासी चंदवार,एक पैर से दिव्यांग रामपाल पिता बच्चू साहू,एवम एक महिला जो मासूम बच्चे के साथ थी,घायल है।घटना के बाद 108 की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया है,जो फिलहाल इलाजरत है।आपको बता दे करकेली से पाली मार्ग में हो रहे अधिकांश सड़क हादसे की मुख्य वजह निर्माणाधीन खस्ताहाल सड़क है,जो पिछले कई सालों से कच्छप गति से प्रगति में है। धन्य है ऐसे ठेकेदार और जिम्मेदार विभाग,जिनकी इंसानी मौतों और आये दिन हो रही दुर्घटनाओं से भी आंख नही खुल रही है। इसके अलावा बुधवार की रात करीब एक बजे चंदिया थाना अंतर्गत गोपालपुर मार्ग पर बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व घूमने आ रहे सैलानी भी गम्भीर सड़क हादसे का शिकार हुए थे,बताया जाता है कि घायल सैलानी कटनी से उमरिया की ओर आ रहे थे,तभी गोपालपुर मार्ग पर सड़क हादसे का शिकार हुए है।इस घटना में भी महिलाओं समेत कई सैलानी घायल बताये जा रहे है,हालांकि देर रात करीब 2 बजे सभी सैलानियों का प्राथमिक उपचार कर जबलपुर रेफेर कर दिया गया था।

### हृदय रोग शिविर का आयोजन 19 अक्टूबर को

उमरिया । मुख्य चिकित्सा एवं स्वा0 अधिकारी डा एस बी चौधरी ने बताया कि जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र उमरिया में 19 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से हृदय रोग शिविर का आयोजन किया गया है , जिसमें 0 से लेकर 18 वर्ष तक तक के हृदय रोग से पीडित बच्चों का स्वा0 परीक्षण कर निशुल्क उपचार किया जाएगा । उन्होने मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी करकेली, मानपुर, पाली, जिला कम्युनिटी मोबिलाइज एन एच एम से कहा है कि हृदय रोग से पीडित बच्चो को स्वा0 परीक्षण हेतु जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद उमरिया में भेजे ताकि बच्चे का स्वा0 परीक्षण कर निशुल्क उपचार किया जा सके ।

### 19 एवं 20 अक्टूबर को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

उमरिया । कार्यपालन अभियंता संचा. संधा मप्र पू क्षे विवितकंलि ने बताया कि 132/33 लाइन एसईसीएल -1 एवं एसईसीएल -2 फीडर का मेंटीनेंस का कार्य किए जाने हेतु 33/11 केव्ही उप केन्द्र घुनघुटी से निर्गत सभी 11 फीडर में 17 अक्टूबर एवं 20 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा । उन्होने बताया कि 19 अक्टूबर को 33 केव्ही एसईसीएल -1 फीडर के अंतर्गत 33/11 केव्ही सब स्टेशन घुनघुटी से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडर में तथा 20 अक्टूबर को 33 केव्ही एसईसीएल -2 फीडर के अंतर्गत एसईसीएल कनेक्शन प्रभावित रहेगे ।

## रक्तदान करने युवा टीम ने इंस्टिट्यूट में चलाया जागरूकता अभियान



**विजय मत, उमरिया।**

रक्तदान जीवन दान संदेश के साथ जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा विगत चार वर्षों से जिले के विभिन्न शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्तदान जीवन दान का संदेश दे रहे।

इसी क्रम में किरण कंप्यूटर इंस्टिट्यूट नौरोजाबाद में रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर उपस्थित सभी विद्यार्थियों को रक्तदान करने हेतु प्रेषित कर रक्तदान करने के फायदे बताए गए। रक्त वीर हिमांशु तिवारी ने कहा कि लोगों के अनमोल जीवन को बचाने के लिए समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन करते है। रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त से तीन जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सकता है।उन्होंने ने बताया कि युवा टीम द्वारा प्रत्येक माह में रक्तदान शिविर कर लोगो को रक्तदान के प्रति जागरूक किया जाता है. इस बीच नई सोच, नई परंपरा के शुभारंभ के अवसर पर हमलोग सभी नया खून, नई सोच के साथ रक्तदान की परंपरा की शुरुआत करने की प्रयत्न कर रहे है. जिससे खून की कमी को ब्ल्ड बैंक में पूरा किया जा सके. जिससे जरूरतमंदों की तत्काल जींदगी बचाने में भूमिका निभाई जा सके। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान इंस्टिट्यूट प्राचार्य विजय महोबिया,शिक्षिका हुमैरा सिद्दीकी, रक्तवीर हिमांशु तिवारी, खुशी सेन,इच्छा तिवारी,लक्ष्मी ,सेन्हा व सभी उपस्थित रहे।

## दुकानों की नीलामी को लेकर सरपंच ने की कलेक्टर से फरियाद

सीधी। जनपद पंचायत सिहावल अंतर्गत बहरी ग्राम पंचायत में नवनिर्मित 75 दुकानों की नीलामी अधर में लटकी हुई है। जिसको लेकर सरपंच अनुज कुमार साहू सहित कई लोग कलेक्टर को जन सुनवाई में भी गत दिवस आवेदन दिए हैं। उनके द्वारा मांग की गई है कि दुकानों का आवंटन कराने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराई जाए। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के नाम पर दिए आवेदन में बहरी पंचायत के सरपंच अनुज कुमार साहू द्वारा कार्यालय कलेक्टर पत्र क्रमांक 8176/सचिव/स्था./जि.पं./फा.न 92/2020 अंतर्गत नवनिर्मित 75 दुकानों के आवंटन दिनांक 23 मई 2020 के परिपालन को लेकर आवेदन देने के साथ ही मांग की गई है। उक्त दुकानों की नीलामी न होने से स्थानीय व्यापारियों का नुकसान तो हो ही रहा है साथ ही पंचायत में राजस्व आय भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में शीघ्र ही दुकानों की नीलामी प्रक्रिया कराई जाए। इस संबंध में आवेदन देकर तत्काल इस मामले में पहल करने के लिए वरिष्ट अधिकारियों से आग्रह की गई है।

### हमने समय पर बनावाया था दुकानः सरपंच

इस संबंध में बहरी पंचायत के सरपंच अनुज कुमार साहू ने बताया कि हमने जिले में शायद पहला बहरी पंचायत होगा जहां कि 75 दुकानें बनवाए थे। यदि उसकी नीलामी समय पर हो जाती तो व्यापारियों को भी रोजगार का अवसर प्राप्त होता। साथ ही राजस्व मामले में भी पंचायत को फायदा होता। लेकिन इस मामले में पहल न होने की वजह से व्यापारियों में भी असंतोष है। सरपंच द्वारा आग्रह किया गया है कि इस पर शीघ्र पहल की जाए।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

सीधी । मंगलवार को गैवटा निवासी वासुदेव साहू पिता अतिबल प्रसाद साहू उम्र 42 वर्ष ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है, फांसी किन कारणों से लगाया यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मंगलवार को कामता प्रसाद साहू पिता हीरालाल साहू उम्र 50 वर्ष निवासी गैवटा थाना भुइमाड़ थाना मे उपस्थित होकर रिपोर्ट कराया कि मै भुइमाड़ बाजार मे दुकान लगाया था जो लगभग 4 बजे मेरे मामा का लडका रामसहाय साहू ने फोन लगाकर बताया कि वासुदेव साहू अपने घर मे फांसी लगा लिया है तब मैं जाकर देखा तो आगंन से उत्तर तरफ के कमरा मे नायलोन की रस्सी का फंदा लगाकर कांडी(लकड़ी) से लटका हुआ था जिसको देखा तो उसकी मृत्यु हो चुकी थी जिसके बाद भुईमाड़ थाने में सूचना दी गई, मौके भुईमाड़ पुलिस पहुंच कर स्थल पंचनामा बनाकर शव को सुरक्षित रखवा दिया गया था।

## संघ ने निकाला पथ संचलन, लोगों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत





**विजय मत, शहडोल ।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा नगर विजयदशमी पर पथ संचलन का आयोजन किया गया।जिसमें नगर की सभी शाखा के स्वयंसेवक दायित्व निर्वहन शामिल हुए पथ संचलन के पूर्व महात्मा गांधी स्टेडियम में बौद्धिक कार्यक्रम हुआ जिसमें विभाग प्रचारक कमल सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संघ के स्वयंसेवकों को कहा कि वह संघ की शाखा नित्य प्रति आए और समाज में संगठन के लिए काम करें विभाग प्रचारक ने कहा कि आज देश में जो हालात है उसके लिए हम सबको एकजुट होना होगा उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार से हिंदुओं के ऊपर अत्याचार किया गया अगर वह संगठित होते तो यह स्थिति ना आती इसलिए आज समाज को संगठित होना होगा।

पथ संचलन महात्मा गांधी स्टेडियम से शुरू होकर कोतवाली होते हुए पंचायती मंदिर वहां से पुराना गांधी चौक होते हुए गांधी चौक चौक होते हुए जेल बिल्डिंग से वापस स्टेडियम में संपन्न हुआ।जहां लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत भी किया।कार्यक्रम में मंच पर मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर शिवा सौरभ,जिला संघ चालक जसवीर सिंह,विभाग प्रचारक कमल सिंह,नगर संघचालक कृष्ण पाल सिंह,मध्य क्षेत्र के क्षेत्र शारीरिक प्रमुख गंगाराजू पांडे उपस्थित रहे।

---

अपराध

परिजनों ने किया हंगामा, जांच में जुटी पुलिस

# युवक की खून से लथपथ मिली लाश, हत्या का आरोप

**विजय मत, सीधी ।**

जिले के जमोड़ी थाना अंतर्गत एक व्यक्ति की खून से लथपथ लाश मिली है। जिसकी सिनाख्त धीरू सोनी 32 वर्ष निवासी कोटहा के रूप में पहचान की गई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र मे दहशत का माहौल है। जानकारी लगते ही आसपास के क्षेत्र के सभी लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई। जहां मौके पर पुलिस पहुंच गई है। डॉग स्क्वायड टीम के माध्यम से जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार जिस व्यक्ति की लाश मिली है वह व्यक्ति अभी 3 महीने पहले ही रेप के आरोप में जेल गया था और जमानत पर छूटा हुआ था। इसके अलावा जिस लडक़ी ने रेप का आरोप लगाया था उसी लडक़ी के घर पर उस व्यक्ति की लाश मिली है। मृतक के भाई ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिस



लडक़ी ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था, वह कल रात मेरे भाई को बुला कर ले गई थी। लेकिन जब सुबह मेरा भाई घर पर नहीं पहुंचा तब मम्मी ढूंढने के लिए आसपास के क्षेत्र में गई। जब लडक़ी के घर जाकर देखा तो मेरे भाई की लाश खून से लथपथ पड़ी थी। इसके बाद मां ने मुझे बुलाया और फिर मैंने पुलिस को इसकी सूचना दी। वहीं थाना प्रभारी जमोडी विशाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि एक व्यक्ति की लाश मिली थी जिसके बाद हम पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। डाग स्काड की टीम को बुलाया गया है और एफ एसएल की टीम जांच कर रही है। इस मामले को लेकर परिजनों द्वारा पीएम घर के सामने चक्काजाम आंदोलन भी शुरू कर दिए लेकिन पुलिस की समझाईश के बाद मामला शांत हुआ है।

### मामले में की जा रही है जांच-टीआई

इस मामले को लेकर जमोड़ी नगर निरीक्षक विशाल शर्मा ने कहा कि मर्ग कायम कर लिया गया है। जांच की जा रही है। इसमें क्या कार्यवाही होगी पूरी जानकारी के बाद ही स्थति स्पष्ट हो पाएगी।

### ऑटो व बाईक की भिडंत से एक की मौत, दूसरा गंभीर

सीधी। जिले में सडक़ हादसों का दौर जारी है। आज गुरुवार के दिन मिली जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे मऊगंज के लिए बाइक सवार जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो से जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई तो दूसरा गंभीर व्यक्ति रूप से घायल हो गया है। जिसका इलाज गंभीर हालत में जिला अस्पताल सीधी में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक व्यक्ति का नाम आशिक सिंह है जो ग्राम पटौहा का रहने वाला है। वहीं पूरे मामले में कमर्जी थाना प्रभारी पवन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि यह घटना आज की है जानकारी लगते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई थी तथा घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल में भिजवा दिया है जहां एक व्यक्ति की मौत की भी खबर निकलकर सामने आई है।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# हाथी के दांत की तरह दिखावे की होगी जम्मू कश्मीर की सरकार?

जम्मू कश्मीर में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हुए हैं। इस बार मतदाताओं ने खुलकर मतदान किया है। जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में निर्वाचित ने शपथ ले ली है। सरकार और उपराज्यपाल के अधिकार को लेकर सरकार बनने के साथ ही नई-नई चर्चाएं शुरू हो गई है। जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा खत्म हो गया है। जम्मू-कश्मीर अब केंद्र शासित प्रदेश है। केंद्र सरकार ने उपराज्यपाल के जो अधिकार बनाए दिए हैं। उसमें केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपालों के हाथ में जो अधिकार होते हैं। निर्वाचित सरकार के पास पूर्व राज्य के अधिकार नहीं होते हैं। केन्द्र शासित प्रदेशों की निर्वाचित सरकारों को हर बात के लिए उपराज्यपाल की अनुमति लेनी होती है। जिस तरह की स्थिति दिल्ली में बनी हुई है। उसी तरीके की वर्तमान स्थिति जम्मू-कश्मीर की नव निर्वाचित राज्य सरकार की होगी। केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल को पांच विधायकों के मनोनयन का अधिकार दिया है। जिन राज्यों में गैर भाजपा शासित राज्य सरकार होती हैं। वहां के उपराज्यपाल निर्वाचित सरकार को वह काम नहीं करने देते हैं, जो वहां की सरकार चाहती है। जिन राज्यों में गैर भाजपाई सरकारें होती हैं। वहां के राज्यपाल निर्वाचित सरकारों के कामकाज में अडंगा लगाते है। विधानसभा से जो बिल पास होते हैं। उनकी स्वीकृति नहीं देते है। राज्य सरकारों के कामकाज पर राज्यपाल अड़ंगा लगाते है। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को लेकर केंद्र और राज्य के बीच में विवाद की स्थिति बनी हुई है। 35ए की वजह से अन्य राज्यों के नागरिक जम्मू-कश्मीर में अचल संपत्ति नहीं खरीद सकते थे। धारा 370 को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार के बीच में जिस तरह से विवाद देखने को मिल रहे हैं। जब तक जम्मू कश्मीर विधानसभा को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा। तब तक यह विवाद जन्म लेते रहेंगे। पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में सहमति से है। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा कब मिलेगा, यह कहना अभी मुश्किल है। जब तक जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा। तब तक जम्मू-कश्मीर में वास्तविक रूप से उपराज्यपाल का ही शासन होगा। निर्वाचित सरकार के मुख्यमंत्री ट्रांसफर पोस्टिंग भी नहीं कर पाएंगे। हर काम के लिए उन्हें उपराज्यपाल पर निर्भर रहना पड़ेगा। मुख्यमंत्री को किस तरह से उपराज्यपाल सहयोग करते हैं या उप राज्यपाल अपने हिसाब से काम करते हैं।

# हिन्दू पर्वों से इतनी नफरत क्यों और उन पर हमले कब तक?

**मृत्युंजय दीक्षित**

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद से एक भी बड़ा दंगा नहीं हुआ है, प्रदेश की सशक्त कानून व्यवस्था के कारण ही न केवल योगी सरकार पुनः सत्ता में आई है वरन उसका प्रभाव अन्य प्रान्तों की चुनावी राजनीति पर भी पड़ रहा है। हिंदू पर्वों नवरात्र व विजयादशमी के अवसर पर पश्चिम बंगाल से लेकर उत्तर प्रदेश सहित देश के कुछ अन्य हिस्सों में जिस प्रकार दुर्गा प्रतिमाओं को खंडित करके अपमानित किया गया, मूर्ति विसर्जन में बाधा डाली गई, शोभा यात्राओं पर हमले किये गए उससे निंदनीय कृत्य नहीं हो सकते। इससे भी निंदनीय है मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए एकतरफा विकृत बयानबाजी करके उस हिंसा का बचाव किया जाना। स्वतंत्रता के बाद के इतने वर्षों में हिंदू समाज के लोगों ने कभी भी किसी भी मजहब के पर्वों में किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं डाला वरन सदा सहिष्णुता का परिचय देते हुए उनके पर्वों को मनाने में सहयोग ही किया है। इसके विपरीत मुस्लमान कभी भी हिन्दुओं को उल्लास, उत्साह और प्रसन्नता के साथ कोई पर्व मनाने नहीं देते हमेशा पत्थर, बोतल, और बम लेकर हमले के लिए तैयार रहते हैं। ऐसा कब तक चलेगा?

> हिंदू पर्वों नवरात्र व विजयादशमी के अवसर पर पश्चिम बंगाल से लेकर उत्तर प्रदेश सहित देश के कुछ अन्य हिस्सों में जिस प्रकार दुर्गा प्रतिमाओं को खंडित करके अपमानित किया गया, मूर्ति विसर्जन में बाधा डाली गई, शोभा यात्राओं पर हमले किये गए उससे निंदनीय कृत्य नहीं हो सकते। इससे भी निंदनीय है मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए एकतरफा विकृत बयानबाजी करके उस हिंसा का बचाव किया जाना। स्वतंत्रता के बाद के इतने वर्षों में हिंदू समाज के लोगों ने कभी भी किसी भी मजहब के पर्वों में किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं डाला वरन सदा सहिष्णुता का परिचय देते हुए उनके पर्वों को मनाने में सहयोग ही किया है। इसके विपरीत मुस्लमान कभी भी हिन्दुओं को उल्लास, उत्साह और प्रसन्नता के साथ कोई पर्व मनाने नहीं देते हमेशा पत्थर, बोतल, और बम लेकर हमले के लिए तैयार रहते हैं।



उत्तर प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद से एक भी बड़ा दंगा नहीं हुआ है, प्रदेश की सशक्त कानून व्यवस्था के कारण ही न केवल योगी सरकार पुनः सत्ता में आई है वरन उसका प्रभाव अन्य प्रान्तों की चुनावी राजनीति पर भी पड़ रहा है। दूसरी तरह कुछ राजनैतिक दल और उनका वोट बैंक हर दिन प्रदेश की कानून व्यवस्था बिगाडने का प्रयास कते रहते हैं। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के इसी वोट बैंक ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में पूर्व नियोजित रूप से पथराव करके वातावरण बिगाड़ने में कामयाबी पा ली और और निर्दोष राम गोपाल मिश्रा को अपने प्राण गंवाने पड़े।

शांति भंग करने का प्रयास केवल बहराइच में ही नहीं हुआ, विजयादशमी के पूर्व ही समुदाय विशेष ने लखनऊ और आजमगढ़ में देवी प्रतिमाओं को खंडित कर वातावरण बिगाड़ने का प्रयास किया। लखनऊ में प्रतिष्ठित मरी माता मंदिर में देवी प्रतिमा को खंडित किया गया, आजमगढ़ में मां लक्ष्मी की प्रतिमा को खंडित किया गया, गोंडा जिले में दुर्गा पंडाल के बाहर पत्थरबाजी की गई, हरदोई जिले में भी अरजकतत्वों ने नवरात्रि के समय में ही मंदिर में स्थापित देवी की प्रतिमा को खंडित कर दिया गया जिसके कारण तनाव उत्पन्न हुआ किंतु ग्रामीणों व पुलिस की सतर्कता के कारण बड़ा उपद्रव नहीं हो सका। इसी प्रकार रायबरेली जिले के बछरावां में चंद्रिका देवी मंदिर में रखी चार मूर्तियां अराजकतत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दीं। इसी प्रकार अंबेडकरनगर के बेताना में और बाराबंकी के कसबा इचौली में विसर्जन जुलूस के दौरान आपत्तिजनक वस्तु फैंकी गई और उपद्रव करने का प्रयास किया गया। आजमगढ़ में दूसरी बार निजामाबाद मे विसर्जन जुलूस के दौरान डीजे बजाने को लेकर विवाद हो गया। यहां पर 48 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं आगरा के बमरौली कटारा के समोगर घाट पर यमुना में मूर्ति विसर्जन में बाधा डालने के उद्देश्य से धर्म विशेष के दो युवकों ने चौकी प्रभारी मुकेश कुमार पर हमला बोल दिया। उनका गला दबाया और जमीन पर गिराकर पीटा। अतिरिक्त पुलिसकर्मियों के आने पर ही वह किसी प्रकार से बच सके किंतु यहां पर भी लापरवाही के कारण वह दोनों युवक भाग निकलने मे सफल हो गये। बिजनौर जिले में मंदिर से रामचरित मानस को चोरी कर जला दिया गया।

आखिर यह सब मानसिक विकृति नहीं तो और क्या है? नवरात्र और दुर्गापूजा के अवसर पर प्रदेश में जिस प्रकर की घटनाएं घटी हैं यदि विहंगम दृष्टि डाली जाए तो सबका पैटर्न लगभग एक समान है। यह सभी घटनाएं देखने व सुनने में छुटपुट जरूर हैं किंतु इनका उद्देश्य सामूहिक है। केंद्र सरकार ने पीएफआई जैसे कुख्यात संगठनों को प्रतिबंधित अवश्य कर दिया है किंतु ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उनके स्लीपर सेल लगातार अपना कार्य कर रहे हैं। दुर्गा पूजा, विजयदशमी, रामनवमी, गणेशोत्सव भारतीय संस्कृति और परंपरा के महत्वपूर्ण पर्व हैं, पहचान हैं हमारी संस्कृति के इनसे या इनको मनाने वालों से किसी को क्या शत्रुता हो सकती है? बहराइच जिले में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक बाईस वर्षीय हिन्दू युवक राम गोपाल मिश्र बलिदान हो गया, मुसलमानों ने अत्यंत क्रूरता से उसकी हत्या कर दी किंतु प्रदेश में मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले इस अवसर पर भी अपने वोट बैंक को साधते दिखाई दिए।

ये मुस्लिम तुष्टिकरण वाले दल पहले सरकार और प्रशासन की विफलता को दोष दे रहे थे और अब जब सख्ती बरती जा रही है तब कह रहे हैं कि प्रदेश सरकार एकतरफा कार्यवाही कर रही है। अब उन्हें केवल योगी का इस्तीफा चाहिए क्योंकि अब पत्थरबाजों के हिसाब किताब का समय है। जब दुर्गापुजा और गणेशोत्सव पर ऐसे ही एकतरफा हमले होंगे तो कभी न कभी हिन्दू समाज का धैर्य भी जवाब देगा, यदि हिन्दू समाज भी ऐसा ही करने लगे तो? बहराइच की घटना में एक निर्दोष 22 वर्षीय हिंदू युवक की बर्बरता पूर्ण हत्या कर दी जाती है तो मीडिया का एक वर्ग भी अल्पसंख्यकों के पक्ष में मौन धारण कर लेता है लेकिन बाबा सिद्दीकी नाम के अपराधी जो तुष्टिकरण करने वालों की कृपा सफेदपोश हो गया उसके लिए आंसू बहा रहा है। ये यह एकतरफा सेकुलरिज्म अब बहुत दिनों तक चलने वाला नहीं है। दूसरी ओर अब हिंदुओं को भी यह बात समझनी होगी कि अपनी सुरक्षा के लिए आप किसी पर निर्भर नहीं रह सकते, अपने आपको इतना सशक्त बनाना होगा कि कोई भी आपके पर्वों को दुःख के पर्व में बदलने का दुस्साहस करने के बारे में सोच भी न सके।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार


# बीएसएनएलः कहीं भीतरघात का शिकार तो नहीं?

**निर्मल रानी**

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) भारत सरकार के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) का एक प्रमुख एवं लोकप्रिय उपक्रम है। बीएसएनएल का स्वामित्व दूरसंचार विभाग के पास है और दूरसंचार विभाग संचार मंत्रालय का एक हिस्सा है। भारत सरकार ही बीएसएनएल की 100त्न शेयर पूंजी का मालिक भी है। इस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में संचार मंत्रालय का कामकाज अश्विनी वैष्णव देख रहे हैं जोकि भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं। हालाँकि भारतीय संचार क्षेत्र में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल तथा वोडाफ़ोन आइडिया जैसे और भी कई छोटी व क्षेत्रीय निजी कम्पनीज़ सक्रिय हैं परन्तु इन सबसे प्रतिस्पर्धा होने के बावजूद आज भी बीएसएनएल को देश में सबसे अधिक उपभोक्ता रखने का गौरव हासिल है। आंकड़ों के मुताबिक़ जुलाई 2024 तक बीएसएनएल के पास देश में लगभग 88.512 मिलियन मोबाइल फ़ोन के ग्राहक थे। इसका मुख्य कारण यह भी था कि देश की प्रमुख टेलीकॉम कंपनियों ने जून 24 में ही अपने अपने मोबाइल टैरिफ़ बढ़ा दिये थे। इनमें रिलायंस जियो ने जहां 27 जून को अपने टैरिफ़ में 12 से 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी वहीं भारती एयरटेल ने 8 जून को अपना टैरिफ़ 11 से 21 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। इसी तरह वोडाफ़ोन आइडिया ने भी 29 जून,24 को अपना टैरिफ़ 10 से 24 प्रतिशत तक बढ़ा दिया। इसी बढ़ोतरी के फ़ौरन बाद ही बीएसएनएल में 2.93 मिलियन ग्राहकों की वृद्धि हुई। जबकि निजी दूरसंचार कंपनियों को अपने करोड़ों ग्राहकों से हाथ धोना पड़ा। उस समय बीएसएनएल ने पहली बार ग्राहकों की इतनी वृद्धि दर्ज की थी। जून- जुलाई 24 में बीएसएनएल ने लगभग 2.9 मिलियन उपयोगकर्ता अपने साथ जोड़े। बीएसएनएल को ऐसा ही एक अवसर उस समय भी हाथ लगा था जबकि 2020-2021 में हुये किसान आंदोलन के समय पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के किसानों द्वारा 2020 में भारतीय संसद द्वारा पारित तीन कृषि अधिनियमों के विरुद्ध आंदोलन चलाया जा रहा था। उस समय किसान, अंबानी - अडानी द्वारा संचालित उद्यमों व उपक्रमों का भी विरोध कर रहे थे।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार


# कॉकोरी कांड में दस वर्ष कारावासः स्वतंत्रता के बाद साहित्य रचना की



**रमेश शर्मा**

भारत की स्वतंत्रता संघर्ष में असंख्य क्राँतिकारियों के नाम जन सामान्य से ओझल हो गये। ऐसे ही एक क्राँतिकारी थे रामकृष्ण खत्री जिन्हें इतिहास प्रसिद्ध कॉकोरी काँड में दस वर्ष का कठोर कारावास मिला। उन्होंने ही क्राँतिकारी संगठन हिन्दुस्तान प्रजातन्त्र संघ का मध्य प्रान्त और महाराष्ट्र में विस्तार किया था।

स्वतंत्रता के बाद राजनैतिक रूप से उपेक्षित रहे। लेकिन अपने 94 वर्ष की जीवन यात्रा में सतत सक्रिय रहे। आज यदि कॉकोरी रेल्वे स्टेशन और वहाँ बने स्मारक से वर्तमान पीढ़ी परिचित हो सकी है तो इसके लिये क्राँतिकारी रामकृष्ण खत्री ने अभियान चलाया था। राष्ट्र और समाजसेवा के लिये पूरे जीवन सक्रिय रहने वाले क्राँतिकारी रामकृष्ण खत्री का जन्म 3 मार्च 1902 को महाराष्ट्र प्राँत के बुलढाना जिला अंतर्गत चिखली गाँव में हुआ था। यह गांव बरार क्षेत्र में आता है। उनके पिता शिवलाल चोपड़ा भी समाज सेवा में थे और लोकमान्य तिलक के सामाजिक जाग्रति अभियान से जुड़े थे। अपने क्षेत्र गणेशोत्सव अभियान का समन्वय करते थे। माता कृष्णाबाई भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति समर्पित रहीं। यह परिवार तिलक जी के साथ आर्यसमाज से भी जुड़ा था। रामकृष्ण अपने बाल्यकाल में माता के साथ प्रवचनों में जाते थे और बड़े हुए तो पिता के साथ तिलकजी की गतिविधियों में सक्रिय हुये। पहले संतों के फिर तिलक जी व्याख्यानों ने उनपर बहुत प्रभाव डाला और उन्होंने समाज को कुरीतियों से मूक्तकर जाग्रति का अभियान छेड़ने का निर्णय लिया। उनका मानना था यदि समाज जाग्रत और संगठित नहीं हुआ तो कैसे स्वाधीनता संग्राम सफल होगा। इसके लिये वे संत समाज को माध्यम




18 अक्टूबर 1996ः सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी रामकृष्ण खत्री का निधन


बनाने का संकल्प किया। इसके लिये उन्होंने साधु संतों पुरोहितों की एक संस्था गठित की। इस संस्था का नाम ÷उदासीन मण्डल÷ रखा। इस संस्था में युवाओं को शारीरिक प्रशिक्षण एवं ग्रहस्थ परिवारों को प्रवचनों के माध्यम से जाग्रति अभियान चलाया। इस संस्था के महन्त गोविन्द प्रकाश बनाये गये। संस्था प्रमुख के बारे में दो अलग अलग विवरण मिलते हैं। कहीं यह उल्लेख है कि संस्था प्रमुख रामकृष्ण जी ही थे और उन्हीं को इस संस्था में गोविन्द प्रकाश के नाम से जाना गया। जबकि एक विवरण में महंत गोविन्द प्रकाश उनके पारिवारिक गुरु थे। जो हो लेकिन इस संस्था ने पूरे बरार क्षेत्र में जाग्रति की युवा जुड़े और उनमें स्वत्व चेतना जागृत हुई।

स्थानीय स्तर पर संगठन सक्रिय हो जाने के बाद उन्होने देश के अन्य भागों में भी संस्था कि विस्तार करने का निर्णय लिया और यात्रा आरंभ की। अपने इसी अभियान के अंतर्गत वे कानपुर आये। यहाँ उनकी भेंट सुप्रसिद्ध क्राँतिकारी राम प्रसाद विस्मिल से हुई क्रान्तिकारी आँदोलन से जुड़ गये। उनकी कार्यशैली संगठन क्षमता से विस्मिल जी बहुत प्रभावित हुये और उन्होंने रामकृष्ण जी को क्राँतिकारी संगठन ÷हिन्दुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसिएशन÷ से जोड़ लिया और मध्यप्राँत में संगठन विस्तार का दायित्व सौंपा। रामकृष्ण जी पूना आये। उन्होने पूना से नागपुर विदर्भ सहित पूरे मध्यप्राँत मे क्राँतिकारी आँदोलन से युवाओं को जोड़ने का अभियान चलाया।

क्राँतिकारी आँदोलन के लिये धन की आवश्यकता थी। इसके लिये सरकारी खजाना लूटने की योजना बनी। क्राँतिकारियों का मानना था कि यह धन भारत का है इसलिए इसे भारतीयों के हित में ही लगना चाहिए। इसके लिये देश के विभिन्न स्थानों में सरकारी खजाने पर अधिकार करने का अभियान चला। इसी योजना के अंतर्गत कानपुर के पास कॉकोरी स्टेशन पर इस खजाने को लूटने की योजना बनी। इसकी योजना क्राँतिकारी राम प्रसाद विस्मिल ने बनाई थी और देशभर से कुछ क्राँतिकारी बुलाये गये थे। 9 अगस्त 1925 को ट्रेन पर धावा बोला गया और क्रांतिकारियों ने 4,600 रुपये लूट लिये। इस घटना में एक रेलयात्री की मौत हो गई थी। घटना के बाद अंग्रेज सरकार ने देशभर में छापे मारे और क्राँतिकारी आँदोलन से जुड़े युवाओं को गिरफ्तार किया गया। देश के विभिन्न स्थानों से कुल चालीस क्राँतिकारी गिरफ़्तार हुये। रामकृष्ण खत्री को पूना में गिरफ्तार किया गया। उन्हें वहाँ से लखनऊ जेल लाया गया। क्राँतिकारियों पर मुकदमा चला। ग्यारह क्राँतिकारी सुबूत के अभाव में रिहा किये गये। शेष 29 क्राँतिकारियों में चार को फांसी दी गई। दो आजन्म कारावास के साथ कालापानी भेजे गये। अन्य 16 को 4 से 14 वर्ष के कारावास की सजा घोषित हुई। इनमें भी अधिकांश कालापानी भेजे गये। क्राँतिकारी रामकृष्ण जी दस साल की सजा के साथ कालापानी भेजा गया।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8161



### बाएँ से दाएँ

1. रमण योग्य-4
4. साल, वर्ष-3
6. बांया-2
7. राय, वोट-2
9. तकरार, कहासुनी-4
11. अंधकार, अंधेरा-3
12. सरल, आसान-3
13. चील, ईगल-2
14. देवदास की प्रेमिका-2
15. सूली, क्रूस-3
17. कारण-3
19. मन को हरने वाला-4
21. कार्य, काज-2
23. बाण, तीर-2
24. दबाना, कुचलना-3
25. हाथी चलाने वाला-4

### ऊपर से नीचे

1. परंपरा, रीति-रिवाज-4
2. संस्कृत में 'मेरा'-2
3. भरोसा, विश्वास-3
4. दीदी, भगिनी-3
5. समान, एक जैसा-2
8. अंधेरा, अंधकार-3
9. बोरिया बिस्तर-4
10. रिहा-2
12. तालाब, जलाशय-4
15. तमीज, शिष्टता-3
16. मछली, एक राशि-2
18. ज्वरताप-4
19. चिंतन, विचार-3
20. रनिवास (उर्दू-3)
22. नशा, अभिमान-2
23. पार्थिव देह, लाश-2

### शब्द पहेली -8160 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6946

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6945 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## न्यूज इन शॉर्ट




### घर में घुसकर मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अनूपपुर। भालूमाड़ा पुलिस ने 14 अक्टूबर को घर में घुसकर मारपीट किए जाने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसके खिलाफ दर्ज मामले में न्यायालय में पेश किया है। थाना प्रभारी राकेश उइके ने बताया कि 14 अक्टूबर को फरियादी शिवकुमार मिश्रा पिता रामप्रमोद मिश्रा निवासी ग्राम भाद ने रिपोर्ट किया कि प्रहलाद सिंह, आदित्य मिश्रा ,राम सुफल मिश्रा और उदित मिश्रा के द्वारा फरियादी के घर में घुसकर राम प्रमोद मिश्रा व फरियादी शिव कुमार मिश्रा के साथ मारपीट की। फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5),331(6) का मामला कायम कर विवेचना के दौरान 17 अक्टूबर को आरोपी उदित मिश्रा पिता राम सुखल मिश्रा उम्र 24 वर्ष निवासी भाद को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक लोहे की पाइप एवं प्रहलाद सिंह पिता बलराम सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी भाद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लोहे का पाइप जब्त किया गया। राम सुफल मिश्रा पिता रामाधार मिश्रा उम्र 52 वर्ष निवासी भाद को गिरफ्तार किया गया व न्यायालय कोतमा पेश किया गया। जहां से तीनों आरोपियों को जेल भेजा गया है। इस कार्य में थाना प्रभारी राकेश उइके, एएसआई प्रभाकर पटेल, आरक्षक विश्वजीत मिश्रा, संजय वर्मा, भानुप्रताप, रविंद्र और अभिषेक शामिल रहे।

### बीमारी के दौरान अरुण शर्मा का हुआ दुखद निधन लोगों ने दी श्रद्धांजलि



धनपुरी - सेवानिवृत्ति कालरी कर्मचारी एवं समाजसेवी अरुण शर्मा उम्र 65 वर्ष का विगत दिनों दुखद निधन हो गया अरुण शर्मा पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे और इनका इलाज इंदौर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था जहां पर 15 अक्टूबर को उन्होंने अंतिम सांस ली उनके दुखद निधन की खबर जैसे ही लोगों के बीच पहुंची बड़ी संख्या में लोग उनके निवास पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की अरुण शर्मा काफी मिलनसार व्यवहार के थे और समाज सेवा जैसे महत्वपूर्ण कामों में उनका हमेशा उल्लेखनीय योगदान रहता था आज दोपहर को मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया जिस्म भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अरुण शर्मा की दुखद निधन पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छाबड़ा वरिष्ठ पत्रकार सनत शर्मा नगर पालिका उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल पंडित विनोद शर्मा सी के मिश्रा सदन कपूर नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष शोभाराम पटेल बलमीत सिंह खनूजा सुजीत सिंह चंदेल दौलत मनवाणी जवाहर जसवानी सुभाष गुप्ता आनंद मोहन जायसवाल विनय सिन्हा चंद्रप्रकाश गुप्ता पुरुषोत्तम गुप्ता अरुण जायसवाल आलोक राय पंडित गोविंद तिवारी सुरेश चतुर्वेदी मनोज जैन मुकुल श्रीवास्तव अनिल जायसवाल भोला सोनी संजू चंदवानी मोहन सोनी अजय शर्मा अरविंद रजक अरविंद सिंह अनिल यादव रामलाल रजक राकेश तिवारी सूर्य प्रकाश रजक राकेश सोनी नारायण जायसवाल नर्मदा विश्वकर्मा शिवनारायण मिश्रा द्वारका प्रसाद मिश्रा राजेश शर्मा एसपी सिंह दीपक राय राकेश अग्रवाल सहित अनेकों लोगों ने उनके दुखद निधन पर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### माहू के नियंत्रण के लिए कृषको को सलाह

उमरिया । उप संचालक .शि संग्राम सिंह ने बताया कि मौसम में परिवर्तन होने से प्रायः देखा जा रहा है कि धान की फसल में माहू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। किसान भाई खेतो की सतत निगरानी बनाए रखे एवं भ्रमण करते रहे जैसे ही खेत की फसल में माहू का प्रकोप दिखे तत्काल नीचे दिए गए कीटनाशक दवाओ का छिडकाव करे। दवा छिडकाव करते समय ध्यान रखे की अनुसंस्थित पानी की मात्रा आवश्यक उपयोग करे। जिससे उचित कीट नियंत्रण किया जा सके। कीट की रोकथाम हेतु 24 कि0ग्रा0 प्यूनालफास 1.5 प्रतिशत चूर्ण प्रति हेक्टर भुरके अथवा 100 ग्राम थायोमेथासजाम 25 डब्ल्यू जी या 1200 मि0ली0 डायमीथोयट 30 ई0सी0 या एक लीटर मोनो प्रोटोफास 1000 मि0ली0 पानी में प्रति हेक्टर की दर से छिडकाव करे।

# भूमिगत खदानों के साथ-साथ ओपन कास्ट में भी बढ़ा कोयला उत्पादन

## एसईसीएल सोहागपुर एरिया की कोयला खदानों में उत्पादन बढ़ाने को लेकर प्रबंधन लगातार कर रहा प्रयास

**विजय मत, धनपुरी।**

अक्टूबर माह आधा बीत चुका है और अगर अब देखा जाए तो 31 मार्च तक एसईसीएल सोहागपुर एरिया को अपना कोयला उत्पादन का वार्षिक लक्ष्य साढे 5 महीने में पूरा करना है यही कारण है कि कोयला खदानों में कोयला उत्पादन बढ़ाने को लेकर प्रबंधन का प्रयास भी लगातार देखा जा रहा है ओपन कास्ट खदानों से लेकर भूमिगत खदानों तक उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है और कहीं ना कहीं अपने वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रबंधन पूरी तरह से प्रयासरत है आज अगर देखा जाए तो सोहागपुर एरिया में प्रतिदिन 17000 टन से भी अधिक कोयला उत्पादन हो रहा है और आने वाली दिनों में प्रतिदिन का उत्पादन लक्ष्य और अधिक बढ़ेगा यह भी संभव होगा एरिया महाप्रबंधक पी श्री कृष्णा कोयला उत्पादन बढ़ाने को लेकर लगातार अधिकारियों से चर्चा भी कर रहे हैं और खदानों का लगातार निरीक्षण कर वहां पर हो रहे कोयला उत्पादन की वर्तमान स्थिति को भी देख रहे हैं मौके पर अधिकारियों से चर्चा उपरांत जो भी समस्याएं आ रही हैं उसे दूर करने का भी प्रयास किया जा रहा है इतना ही नहीं दामिनी भूमिगत खदान में जहां पर सीएम प्रोजेक्ट का काम चल रहा है उसे पर भी लगातार एरिया मुख्यालय से लेकर बिलासपुर मुख्यालय तक नजर बनाए हुए हैं और इस पर तेजी है इसे लेकर प्रयास भी किया जा रहा है।



वर्तमान में अगर एरिया की समस्त खदानों में देखा जाए तो ओपन कास्ट में कोयला उत्पादन पिछले कुछ दिनों में बढ़ता हुआ देखा जा रहा है उत्पादन के साथ-साथ घाटा भी कम हो इसे लेकर भी प्रबंधन का प्रयास लगातार देखा जाता है और कहीं ना कहीं इसमें प्रबंधन को सफलता भी मिल रही है अमलाई ओपन कास्ट जो की एरिया में प्रतिदिन कोयला उत्पादन को लेकर सबसे आगे है यहां पर कोयला उत्पादन को लेकर जो वार्षिक लक्ष्य दिया गया है प्रबंधन उस पर लगातार काम भी कर रही है सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोयला उत्पादन को प्राथमिकता दी जा रही है पिछले कुछ सालों से अगर देखा जाए तो यह ओपन कास्ट कोयला उत्पादन को लेकर अपनी एक अलग पहचान बना चुकी है बीते वर्ष भी समय रहते इस ओपन कास्ट खदान में अपना कोयला उत्पादन लक्ष्य पूरा कर लिया था यहां पर अधिकारियों के द्वारा कोयला उत्पादन बढ़ाने को लेकर जिस तरह से प्रयास किया जा रहा है वह इस ओपन कास्ट खदान में देखा भी जा सकता है इसी तरह मेगा प्रोजेक्ट रामपुर में अगर देखा जाए तो यहां पर भी कोयला उत्पादन तेजी से किया जा रहा है और यही कारण है कि यह लगातार अपने वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है रामपुर ओपन कास्ट जहां पर कोयले का अपार भंडार है जहां पर अभी प्रतिदिन 5000 टन के आसपास कोयला उत्पादन हो रहा है वैसे भी अगर देखा जाए तो आने वाले समय में यह ओपन कास्ट खदान कोयला उत्पादन को लेकर एरिया की अन्य ओपन कास्ट माइंस से कहीं आगे नजर आएगी खदान बेहतर तरीके से यहां पर संचालित होते हुए देखा जा सकता है और लगातार अधिकारियों के द्वारा कोयला उत्पादन बढ़ाने की दिशा में यहां पर काम भी किया जा रहा है वही शारदा ओपन कास्ट में भी तेजी से कोयला उत्पादन हो रहा है और वह भी अपने वार्षिक उत्पादन लक्ष्य के करीब पहुंचता हुआ देखा जा रहा है वहीं भूमिगत खदान की बात की जाए तो खैरहा भूमिगत खदान जो की सीएम प्रोजेक्ट से कोयले का उत्पादन करती है यहां पर प्रतिदिन 3000 टन के आसपास कोयला उत्पादन हो रहा है और अब तक देखा जाए तो इस भूमिगत खदान में 5 लाख टन के आसपास अपना कोयला उत्पादन पूरा कर चुकी है उप क्षेत्रीय प्रबंधक बीके सिन्हा ने यहां का पदभार ग्रहण करने के बाद से कोयला उत्पादन बढाये जाने की दिशा में जिस तरह से काम किया है वह यहां पर देखा भी जा सकता है इतना ही नहीं राजेंद्र भूमिगत खदान जहां पर प्रतिदिन 450 टन के आसपास कोयला उत्पादन हो रहा है और भविष्य में यहां से भी सीएम प्रोजेक्ट से कोयले का उत्पादन होना है जिसे लेकर भी तैयारी की जा रही है एरिया मुख्यालय से सीएम प्रोजेक्ट को लेकर सभी फाइल मुख्यालय भेजी जा चुकी है वहां से स्वीकृत मिलने के साथ ही यहां भी सीएम प्रोजेक्ट्स लगाए जाने की दिशा में काम शुरू हो जाएगा आज अगर पूरे एरिया में देखा जाए तो सभी भूमिगत खदानों में कोयला उत्पादन बढाये जाने को लेकर एरिया एरिया महाप्रबंधक लगातार अधिकारियों से चर्चा कर रहे हैं उम्मीद है कि एरिया अपने वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य को समय रहते पूरा भी कर लेगी।

## राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में गौ सेवा संस्थान धनपुरी भी होगी शामिल



**विजय मत, धनपुरी।**

श्री अटल कामधेनु गौ सेवा संस्थान के निरंतर 6 वर्षों से धनपुरी से जुड़े अन्य क्षेत्र और जिले स्तर पर काम कर रही है जिसमें गौ सेवा संस्थान प्रथम श्रेणी में आता है सेवा प्रकल्पों के मध्य प्रदेश के प्रथम अभ्यारण श्री कामधेनु गांव अभ्यारण सलारिया आगरा मालवा मध्य प्रदेश की पावन धरा पर इस आयोजन में सभी श्रीमद् सद्गुरु शंकराचार्य जी देश के पूज्य साधु संत कथा प्रवक्ताओं की सन्निधि में म वरिष्ठ राजनेता गौ भक्त खिलाड़ी अभिनेता और विचारक उपस्थित रहेंगे जिसमें गौ सेवा संस्थान को भी आमंत्रित किया गया है शहडोल जिले में गौ सेवक संस्थान एक ऐसी संस्थान है जो निरंतर 6 वर्षों से निशुल्क गौ माता का उपचार और रखकर सेवा की जाती है जिसमें गॉसिप संस्थान के संस्थापक राम दुबे एवं वरिष्ठ पत्रकार सनत शर्मा एवं संतोष शर्मा के द्वारा अपनी कलम से और लोगों और प्रशासन तक सेवा और बात रखी जाती है

परम गौ संत परम भागवत परम पूज्जनीय परम पथमेड़ा वाले महाराज के पावन सानिध्य में विश्व की सबसे बड़ी गौशाला का संचालन जिसमें एक साथ 1 लाख 51 हजार दीन गायों की सेवा हो रही है इसी सेवा क्रम मे आगामी गौ नवरात्री पर्व मे मध्य प्रदेश के आगर मालवा जिले मे बृहद राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम होने जा रहा है होने जा रहा है जिसके लिए महाराज जी ने श्री अटल गौ सेवा संस्थान के सेवा प्रकल्पों को सुना और अपने प्रतिनिधि को आमंत्रण के लिए भेजा जिसमें अटल कामधेनु गौ सेवा संस्थान भी कार्यक्रम में शामिल होगी।

## पुष्पराजगढ़ के भैंसानटोला में दस साल से मुफ्त बिजली की आपूर्ति

### ट्रांसफॉर्मर से गांव तक बिजली खभों से गायब है केबल



**विजय मत, अनूपपुर।**

यदि आपको लगता है कि केवल सरकार ही मुफ्त बिजली की घोषणा कर सकती है तो आप फिर से विचार कर लें। क्योंकि अनूपपुर जिले में विद्युत विभाग और ठेकेदार की मिली भगत से एक गांव की आधी आबादी को पिछले दस साल से मुफ्त बिजली मिल रही है। इस गांव के चंद लोगों ने विधिवत कनेक्शन ले रखा है और वो बिजली का बिल पटाते हैं। लेकिन बांकी लोगों ने विभाग की मिली भगत से स्वयं से तार खींच कर( कटिया लगाकर) घरों को रोशन कर रखा है। जानकारी के अनुसार पुष्पराजगढ़ के ग्राम करपा के सरईपतेरा एक वार्ड भैंसानटोला में ट्रांसफॉर्मर से लेकर आबादी (घरों)तक बिजली के खंभे तो लगे हैं, लेकिन 10 साल से आज तक इनमें बिजली का तार नहीं लगाया गया है। इसके कारण यहां के सभी घरों में व्यक्तिगत तार खींच कर (कटिया लगाकर)लोगों द्वारा बिजली का उपयोग किया जा रहा है। इस गांव के कुछ जागरूक ग्रामीणों की शिकायत है कि कई बार खंभों में तार लगवाने की मांग की गई। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

### ठेकेदार ने खंभा गाडक़र केबल लगाना भूला

बतलाया गया है कि ठेकेदार खंभे तो लगा दिए लेकिन बिना केबल खींचे ही चला गया। हो सकता है कि कार्य पूर्णता दर्शा कर अंतिम भुगतान भी कर दिया गया हो। यह तो जांच उपरांत ही पता चलेगा। आरोप है कि स्थानीय विद्युत कर्मचारी हर महीने अवैध वसूली कर रहे हैं। यहां दुर्घटना की हमेशा आशंका बनी रहती है। हालांकि 16 अक्टूबर को जैतहरी के लहसुना में आयोजित संभागीय शिविर में कमिश्नर श्रीमन शुक्ला, कलेक्टर हर्षल पंचोली, विधायक फुंदेलाल मार्को के साथ विद्युत विभाग का स्टाल भी लगाया गया था। वहां इसकी सूचना देने की कोशिश की गई, लेकिन वहां उपस्थित विभाग के अधिकारियों ने यह कहते हुए सूचना स्वीकार नहीं किया कि यह पुष्पराजगढ या करपा का शिविर नहीं है।

## मछली पालन से सुशील सोधियां के जीवन मे आई खुशियां

उमरिया । प्रदेश सरकार ने किसानों के चेहरो पर खुशियों लाने के लिए .त संकल्पित है । किसान खेती किसानी के अलावा पशु पालन, बकरी पालन एवं मछ्ली पालन करके दोगुनी आय अर्जित कर रहे है और अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे है । करकेली विकासखंड के ग्राम लदेरा निवासी सुशील सोधियां पिता भगवानदीन सोधियां ने बताया कि ग्राम पंचायत के माध्यम से आधा एकड मे परकोलेशन टैंक निर्माण के लिए पैसा मिला था जिसमें मेरे व्दारा तालाब का निर्माण कराया गया । तालाब निर्माण के बाद पिछ्ले वर्ष मछ्ली विभाग से 3300 रूपये का मछ्ली का बीज तालाब मे डाला , जिससे मुझे लाभ अर्जित हुआ । चालू वित्तीय वर्ष में करीब 10 हजार रूपये का मछ्ली का बीज तालाब मे डाले है । हत्ते में करीब 20 से 25 किलो तक मछ्लियां तैयार हो जाती है, जिसका विक्रय 200 रूपये प्रति किलो के हिसाब से करते है। उन्होने बताया कि मछ्ली पालन के बाद मछ्लियों को गांव तथा बाजार में बेच देते है । मछ्ली पालन से सुशील को माह मे 25 हजार रूपये तक की आय अर्जित हो जाती है । परिवार का बेहतर तरीके से लालन पालन हो रहा है । इसके लिए मैं और मेरा परिवार प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करता है ।

## सनानत शक्ति संघ के द्वारा सामूहिक 11 बार हनुमान चलीसा पाठ का आयोजन






**विजय मत, शहडोल।**

मां वैष्णवी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा द्वारका नगर स्टेडियम के पीछे वार्ड क्रमांक में सनातन शक्ति संघ के तत्वाधान में सामूहिक हनुमान चलीसा का पाठ 11 बार पाठ का आयोजन व सुन्दर कांड का पाठ का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में श्रद्धालु व भक्तजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेन्द्र नामेदव प्रदेश अध्यक्ष सनानत शक्ति संघ भारत एवं एड. श्रीमती अंजुला नामदेव द्वारा किया गया।

**सम्मेलन**

### आजाद अध्यापक शिक्षक संघ का शिक्षा गुणवत्ता सम्मेलन संपन्न

## केंद्र सरकार के समान शिक्षकों को यूपीएस पेंशन लागू किया जाए




**विजय मत, सीधी।**

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मप्र का सतना के स्थानीय विंध्या गार्डेन में मध्यप्रदेश शासन की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के मुख्य आतिथ्य, रामखेलावन कोल अध्यक्ष जिला पंचायत सतना, सुष्मिता परिहार उपाध्यक्ष जिला पंचायत सतना, सतीश शर्मा जिलाध्यक्ष भाजपा सतना, मनोज पटेल जनपद उपाध्यक्ष अमरपाटन के विशिष्ट आतिथ्य तथा आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मप्र के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल की अध्यक्षता में शिक्षक संगोष्ठी एवं शिक्षा गुणवत्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। इस दौरान प्रांताध्यक्ष भरत पटेल ने अध्यापक शिक्षक संवर्ग को केंद्र सरकार के समान शिक्षकों को यूपीएस पेंशन लागू करने, नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना ग्रेज्युटी एवं पेंशन का लाभ देने, मृत अध्यापक शिक्षक परिवार को अनुकंपा नियुक्ति में सरलीकरण करने, गुरुजी को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, केंद्र सरकार की तरह मंहगाई भत्ता देने, नवनियुक्त शिक्षको को 100 प्रतिशत वेतन देने, उच्च माध्यमिक, माध्यमिक शिक्षकों के समयमान वेतन/ क्रमोन्नति आदेश सीधी और सतना जिले के लंबित हैं उनके आदेश जारी करने की मांग राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी एवं सभी विशिष्ट अतिथियों के समक्ष अपने उद्बोधन में रखते हुए आगामी नवंबर माह में भोपाल में आयोजित होने जा रहे सम्मेलन में एक लाख की संख्या में शामिल होने का आग्रह किया। प्रांताध्यक्ष भरत पटेल ने कहा कि हमें इसी सरकार ने सम्मान जनक स्थिति में पहुंचाया है आगे भी इसी सरकार पर भरोसा विश्वास है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी एवं सभी विशिष्ट अतिथियों ने सभी मांगों पर अपना समर्थन दिया एवं शिक्षकों के साथ हर समय सहयोगी रहने का वचन देते हुए स्थानीय शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर मनमानी करने एवं जनप्रतिनिधियों की बात न सुनने का आरोप मंच के माध्यम से लगाया।

कार्यक्रम को हरीश मिश्र प्रांतीय सचिव, विजय तिवारी प्रांतीय उपाध्यक्ष, केपी सिंह जिलाध्यक्ष सतना, देवेन्द्र पटेल जिलाध्यक्ष मैहर, प्रांतीय संगठन मंत्री लोली तिवारी, राजेश सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष, सीपी सिंह संभागीय अध्यक्ष, रमेश सिंह जिलाध्यक्ष रीवा, विनय कनौजिया प्रांतीय प्रवक्ता, रामाश्रय पटेल प्रांतीय संगठन मंत्री, गोविंद विशेन प्रांतीय महासचिव,अनिल पटेल शहडोल जिलाध्यक्ष, संतोष पाण्डेय प्रांतीय मीडिया प्रभारी, रमेश पाण्डेय संभागीय उपाध्यक्ष, मनीष चंदानन, विष्णु तिवारी कार्यकारी जिलाध्यक्ष रीवा ने भी संबोधित किया।

## एसईसीएल में देश की 216वीं अमृत फार्मेसी का हुआ शुभारंभ

**विजय मत, धनपुरी।**

एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा के करकमलों से आज एसईसीएल मुख्यालय के इन्दिरा विहार स्वास्थ्य केंद्र में देश की 216वीं एवं कंपनी की चौथी अमृत फार्मेसी का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही चार अमृत फार्मेसी खोलने वाली एसईसीएल देश की पहली कोयला कंपनी बन गई है। कंपनी की इस पहल से जहां किफ़ायती दरों पर एसईसीएल कर्मी एवं आमजनों को दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होगी वहीं विशेष अभियान 4.0 के तहत इंक्लूसिविटी यानि समवेशी विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने कहा कि अमृत फार्मेसी के खुलने से एसईसीएल कर्मियों के साथ-साथ आमजनों को भी किफ़ायती दरों पर दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। यह पहल हमारे संचालन राज्यों छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के सुदूर आदिवासी एवं ग्रामीण अंचल के लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में महती भूमिका निभाएगी।

इस अवसर पर एसईसीएल निदेशक मंडल से निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री एसएन कापरी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) श्री बिरंची दास एवं निदेशक (वित्त) श्री डी सुनील कुमार, सीएमएस डॉ (श्रीमती) प्रतिभा पाठक की उपस्थिति रही।अमृत फार्मेसी से एसईसीएल के अस्पतालों में सभी प्रकार की ब्रांडेड, ब्रांडेड-जेनेरिक एवं जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। दवाओं के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता के मेडिकल इंप्लांट्स भी होंगे मरीजों को उपलब्ध। सामान्य बीमारियों से लेकर कैंसर एवं हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों की दवाएं एक ही जगह होंगी आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। सभी दवाओं पर औसतन लगभग 52त्न की छूट मिलेगी जिसका एसईसीएल कर्मियों के साथ-साथ आमजन भी लाभ ले सकेंगे।मुख्यालय बिलासपुर के अतिरिक्त एसईसीएल के कोरबा जिले के गेवरा, शहडोल जिले के सोहागपुर, और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के चिरमिरी के परिचालन क्षेत्रों में स्थित एसईसीएल के केंद्रीय अस्पतालों में पहले से ही तीन फार्मेसियों का संचालन किया जा रहा है।

### कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल का विवाद बयान, प्रदेश अध्यक्ष बोले-

# यह सनातन को खत्म करने की मानसिकता:वीडी शर्मा

**विजय मत, भोपाल**

कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल के विवादित बयान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि भगवान शंकर को इस प्रकार की अभद्र गाली देना। यह कांग्रेस की सनातन को खत्म करने कि मानसिकता बताता है। कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल के भगवान शंकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। इस मुद्दे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कांग्रेस और उसके नेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से जवाब मांगा है। उन्होंने इस विवाद पर कांग्रेस की चुप्पी को सनातन धर्म के खिलाफ साजिश



बताया और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शर्मा ने कहा कि बाबू जंडेल के इस बयान के खिलाफ भाजपा कानूनी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न संगठनों ने बाबू जंडेल के बयान का विरोध किया है और उनके खिलाफ प्रदर्शन किए हैं। भाजपा भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कानूनी कदम उठाएगी।

#### राहुल गांधी और खड़गे से जवाब की मांग

शर्मा ने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को सीधे तौर पर सवालों के घेरे में लेते हुए कहा कि बाबू जंडेल के बयान पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की चुप्पी बहुत कुछ कहती है। देश और सनातन धर्म के अनुयायी आपसे पूछ रहे हैं कि क्या आप बाबू जंडेल के इस बयान से सहमत हैं? और यदि नहीं, तो कांग्रेस उनके खिलाफ क्या कार्रवाई करेगी?

#### कांग्रेस नेताओं की प्रेस कांफ्रेंस पर निशाना

शर्मा ने कांग्रेस नेताओं दिग्विजय सिंह और जीतू पटवारी के प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों से सवाल न लेने पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता प्रेस कांफ्रेंस में सवालों का सामना करने से डरते हैं। यह साफ बताता है कि वे इस मुद्दे पर जवाब देने से बचना चाहते हैं।

**कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान या गाली की दुकान?...** *शर्मा ने बाबू जंडेल के विवादित वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने भगवान शंकर को अभद्र भाषा में अपमानित किया है। यह कांग्रेस की सनातन धर्म को खत्म करने की मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मैं राहुल गांधी और खड़गे जी से पूछना चाहता हूं कि आपकी पार्टी की मोहब्बत की दुकान है या गाली की दुकान? शर्मा ने इस मुद्दे पर कांग्रेस की ओर से आई चुप्पी को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि एक कांग्रेस विधायक भगवान शंकर पर अपमानजनक टिप्पणी करना और पार्टी के नेताओं की चुप्पी, यह बताती है कि कांग्रेस के एजेंडे में सनातन धर्म और हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करना शामिल है।*

## मोहन सरकार को केंद्र का तोहफा, दिवाली से पहले मध्य प्रदेश को 13,987 करोड़ की राशि जारी की

**विजय मत, भोपाल**



मध्य प्रदेश सरकार को इस दिवाली केंद्र सरकार से एक बड़ा आर्थिक तोहफा मिला है। केंद्र ने राज्य को टैक्स के हिस्से से 13,987 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की है। केंद्र से प्राप्त इस अग्रिम राशि ने राज्य को कर्ज लेने की योजना से फिलहाल राहत दिलाई है।

मध्य प्रदेश को केंद्र सरकार से एक महत्वपूर्ण वित्तीय राहत मिली है, जो दिवाली के मौके पर राज्य सरकार के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। आमतौर पर राज्य को हर महीने केंद्र से लगभग 7,000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त होती है, लेकिन इस बार यह राशि लगभग दोगुनी होकर 13,987 करोड़ रुपये हो गई है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने इसे त्योहारी सीजन के मद्देनजर एडवांस किस्त के रूप में जारी किया है ताकि राज्य सरकारें अपने विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं को तेजी से पूरा कर सकें। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने पूरे देश के राज्यों को कुल 1,78,173 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। यह राशि सामान्य मासिक सहायता से दोगुनी है, जिसमें अक्टूबर 2024 में देय नियमित किस्त के अलावा एक अग्रिम किस्त भी शामिल है। राज्य सरकार ने इस महीने के अंत तक 6,000 करोड़ रुपये का कर्ज लेने की योजना बनाई थी, जिसे इस एडवांस किस्त के कारण फिलहाल टाल दिया गया है। राज्य सरकार ने हाल ही में 5,000 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था, जिससे कुल कर्ज 3.95 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसके बावजूद केंद्र से मिली इस बड़ी राशि ने राज्य सरकार को अस्थायी राहत दी है, जो भारी कर्ज के बोझ से जूझ रही है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बेटी निकिता को दी बधाई

**विजय मत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन की बेटी निकिता पोरवाल को फेमिना मिस इंडिया-2024 का खिताब जीतने पर बधाई देते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लिखा है कि बेटी निकिता मिस वर्ल्ड पेजेंट में भारत का प्रतिनिधित्व कर देश का मान बढ़ाएं यही कामना है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'अभिधम्म दिवस' पर दीं शुभकामनाएं

**विजय मत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अभिधम्म दिवस की समस्त प्रदेश और देशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में लिखा है कि तथागत भगवान बुद्ध की कृपा की अमृत वर्षा से यह धरा पवित्र हो; मनुष्य के जीवन में अपरिमित सुख, शांति और प्रेम का वास हो तथा उनकी शिक्षाएं अनंत काल तक मानवता को शुभ, शुभता व मंगलकारी प्रकाश से आलोकित करती रहें, दिव्य-पवित्र-अनुपम अभिधम्म दिवस पर यही शुभेच्छा है।

### अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग श्रेणी (समस्त वर्ग) के शोधार्थी पीएचडी शोध छात्रवृत्ति के लिए 18 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन

**विजय मत, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 के लिए विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग श्रेणी (सभी वर्ग) के शोधार्थियों को पीएचडी शोध छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इसके अनुसार सत्र 2024-25 के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग (दिव्यांग श्रेणी के सामान्य/पिछडा वर्ग / अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) के शोधार्थी, पीएचडी शोध छात्रवृत्ति के लिए 18 नवंबर 2024 तक आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे। उक्त शोधार्थियों को अपना आवेदन पत्र, संस्था/शोध केन्द्र से अग्रेषित कराकर कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, तृतीय तल सतपुडा भवन, भोपाल में 18 नवंबर तक जमा करना/भेजना होगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाईट www.highereducation.mp.gov.in पर नवीन निर्देश के अंतर्गत उपलब्ध है, जो अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग (दिव्यांग श्रेणी के सामान्य/पिछडा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) के शोधार्थियों को पीएच.डी. शोध छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने के बावत शीर्षक पर अंकित है।

### मध्यप्रदेश की बनेगी दीर्घकालिक जलवायु रणनीति आज होगी कार्यशाला

**विजय मत, भोपाल।** पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन मध्यप्रदेश (एप्को) ने डब्ल्यूआरआई इंडिया के तकनीकी सहयोग से मध्यप्रदेश की दीर्घकालिक न्यून उत्सर्जन विकास रणनीति निर्मित करने के लिये परियोजना शुरू की है। यह रणनीति वर्ष 2026 तक तैयार की जाएगी। राज्य शासन द्वारा आवश्यक नीतिगत बदलाव किए जाएंगे एवं रणनीति का क्रियान्वयन किया होगा। एप्को और डब्ल्यूआरआई इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक बहु-हितधारक संवाद कार्यशाला 18 अक्टूबर को भोपाल में होगी। इसमें वरिष्ठ शासकीय अधिकारी, विषय विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता व अकादमिक संस्थाएं कार्यशाला में आमंत्रित किये गये है, जो मध्यप्रदेश में डीकार्बोनाइजेशन की चुनौतियों से संबंधित क्षेत्रों, वित्तीय और तकनीकी चुनौतियों/बाधाओं और भारत के 2030 तक और 2070 तक के नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्यों में योगदान करने के तरीकों पर विचार-विमर्श करेंगे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य भारत के नेट-जीरो लक्ष्य में योगदान देने की दिशा में राज्य के लिए दीर्घकालिक रणनीति के निहितार्थों पर चर्चा करना और आवश्यक सुझाव प्राप्त करना है। परियोजना का महत्व इसलिए भी है क्योंकि नवंबर 2022 में मिस्र में आयोजित ष्टश्रक्क27 के दौरान भारत द्वारा जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) को सौंपी गई। दीर्घकालिक जलवायु रणनीतियों को राष्ट्रीय स्तर पर बनाया गया है, गतिविधियों का क्रियान्वयन राष्ट्रीय, प्रदेश एवं स्थानीय स्तर पर संचालित करने की आवश्यकता है। इस सन्दर्भ में डब्ल्यूआरआई इंडिया मध्यप्रदेश में राज्य स्तर पर शोध तथा हितधारकों के समन्वय से गतिविधियों व रणनीतियों के क्रियान्वयन के लिये परियोजना का नेतृत्व कर रहा है। कार्यशाला के दूसरे सत्र में मध्यप्रदेश के 4 महानगरों में भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर के हीट एक्शन प्लानिंग पर भी विचार-विमर्श किया जायेगा।

### सिंहस्थ-2028 के 19 कार्यों के लिये 5 हजार 882 करोड़ रूपये की मंजूरी

# सिंहस्थ के वैश्विक आयोजन के लिये अभी से करें तैयारियां: मोहन

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सनातन धर्म की सभी सन्यासी परम्पराओं के सभी वैष्णव और शैव संत 12 साल में सिंहस्थ में आते हैं और भविष्य में सनातन धर्म की दिशा, आचरण, स्वरूप तय करते है। मानवता की स्थापना के लिये सर्वोच्च सिंहस्थ मेला-2028 में पुनः होने वाला है। सिंहस्थ की तैयारियाँ अभी से प्रारंभ की जा चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैश्विक आयोजन सिंहस्थ के माध्यम से भारत दुनिया का नेतृत्व करेगा। इसकी समुचित तैयारियां की जा रही हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकाल ज्योतिर्लिंग उज्जैन के महाकाल लोक और दूसरे ज्योर्तिलिंग ओंकारेश्वर में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। मध्यप्रदेश की पहचान धार्मिक नगरी उज्जयिनी में हर 12 वर्ष में होने वाले सिंहस्थ के रूप में होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दृष्टि से सिंहस्थ प्रदेश के साथ ही राष्ट्र के लिये एक महत्वपूर्ण आयोजन है। पूरे विश्व में इसकी गूंज होती है। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अधिक से अधिक सुविधाएँ देने के लिए नये निर्माण कार्य भी कराये जा रहे हैं। साथ ही वर्तमान सुविधाओं का उन्नयन भी किया जा रहा है। सिंहस्थ की सफलता के लिये अभी से तैयारियाँ शुरू करनी होगी। इन सभी कार्यों को शासकीय विभागों और अन्य उपक्रमों तालमेल के साथ पूर्ण करने के लिये जुटना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसी योजना तैयार की जाये कि क्षिप्रा नदी हर हाल में पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त हो और क्षिप्रा नदी में निरंतर शुद्ध जल का अविरल प्रवाह हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-महाकुंभ में दुनिया भर से करीब 15 करोड़ लोगों के शामिल होने की संभावना है। इस वजह से उज्जैन में ट्रैफिक व्यवस्था बनाये रखना बड़ी चुनौतीपूर्ण होगा। सिंहस्थ-2028 के 19 कार्यों के लिये 5 हजार 882 करोड़ रूपये की मंजूरी दी गई है। यह मंजूरी मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्री-मंडलीय की पहली बैठक में दी गई। बैठक में जल संसाधन, नगरीय प्रशासन एवं विकास, ऊर्जा, लोक निर्माण, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के कार्यों को मंजूरी दी गई है। मंत्री-मंडलीय समिति ने जिन कार्यों को स्वीकृति दी है, उनमें 778 करोड़ 91 लाख रूपये के 29.21 किलोमीटर घाट निर्माण, 1024 करोड़ 95 लाख रूपये का 30.15 किलोमीटर कान्ह नदी का डायवर्सन, 614 करोड़ 53 लाख रूपये के सिंहस्थ के लिये क्षिप्रा नदी में जल निरंतर प्रवाह योजना (सिलारखेड़ी-सेवरखेड़ी बांध) का निर्माण, 74 करोड़ 67 लाख रूपये के क्षिप्रा नदी पर प्रस्तावित 14 बैराजों का निर्माण, 43 करोड़ 51 लाख रूपये के कान्ह नदी पर प्रस्तावित 11 बैराजों का निर्माण, 198 करोड़ रूपये से उज्जैन शहर की सीवरेज परियोजना, 250 करोड़ रूपये से अति. उच्च दाब से संबंधित कार्य के नवीन ईएचवी उपकेन्द्र का निर्माण, 16 करोड़ 80 लाख रूपये से अति. उच्चदाब केन्द्र क्षमतावृद्धि का निर्माण, 29 करोड़ 83 लाख रूपये का नवीन 33/11 के.व्ही. का निर्माण, 4 करोड़ 50 लाख रूपये से 33 के.व्ही. लाईन एवं इन्टर कनेक्शन एवं नवीन उपकेन्द्र से संबंधित कार्य (10 किलोमीटर), 18 करोड़ 36 लाख रूपये से के.व्ही. लाईन एवं इन्टर कनेक्शन एवं नवीन उपकेन्द्र से संबंधित (80 किलोमीटर) का निर्माण और 10 करोड़ 8 लाख रूपये का भूमिगत केबल कार्य (ओंकारेश्वर बजट) का निर्माण शामिल है।

**सिंहस्थ के लिये 568 कार्यों के प्रस्ताव प्राप्त...** *अपर मुख्य सचिव नगरीय प्रशासन एवं आवास नीरज मंडलोई ने बताया कि अभी तक सिंहस्थ-2028 के लिये 18 विभागों के 568 कार्यों के प्रस्ताव प्राप्त हुए है, जिनकी अनुमानित लागत 15 हजार 567 करोड़ रूपये है। इन कार्यों में विभागीय, सिंहस्थ मद और बीओटी आदि के कार्य शामिल है। मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने जानकारी दी कि इंदौर में लव-कुश चौराहे से उज्जैन तक नवीन मेट्रो लाईन बिछाये जाने का सर्वेक्षण कार्य दिल्ली रेल मेट्रो कार्पोरेशन को सौंपा गया है।*

## किसानों को व्यवस्थित तरीके से हो खाद का वितरण: मंत्री कंषाना

**विजय मत, भोपाल**

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि प्रदेश में कहीं भी किसानों को खाद की समस्या उत्पन्न न हो। किसानों को व्यवस्थित तरीके से खाद का वितरण सुनिश्चित किया जाये। मंत्री कंषाना श्यामला हिल्स स्थित निवास पर प्रबंध संचालक मार्कफेड आलोक कुमार सिंह, संचालक कृषि अजय गुप्ता एवं अन्य अधिकारियों के साथ प्रदेश में खाद वितरण की व्यवस्था पर चर्चा कर रहे थे।

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री कंषाना ने कहा कि प्रदेश में कहीं भी खाद की कालाबाजारी नहीं हो। व्यापारियों द्वारा खाद को डंप करके न रखा जाये। उन्होंने ऐसा करते पाये जाने पर जिलों में पदस्थ उप संचालक कृषि को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि टीम बनाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। मंत्री कंषाना ने कहा कि प्रदेश में केन्द्र सरकार से मांग कर पर्याप्त मात्रा में खाद की आपूर्ति बनाई रखी जाये। जिन जिलों में खाद की रैक नहीं पहुंच रही है वहाँ पर्याप्त खाद पहुंचाने की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में लगातार काम कर रही है। किसानों को कोई भी समस्या नहीं होने दी जायेगी।

## भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को 4-लेन में अपग्रेड करने 3589.4 करोड़ की मंजूरी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा मध्यप्रदेश को विकास पथ की अमूल सौंगात देने पर उनका आभार माना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्यपेदश सरकार बढ़ती रोड कनेक्टिविटी के माध्यम से विकास का नया अध्याय लिख रही है। भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के 4-लेन में अपग्रेडेशन से इस क्षेत्र के आर्थिकक विकास को गति मिलेगी, यातायात सुगमता के साथ ही सड़क दुर्घटना में भी कमी आयेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को मिली इस सौंगात के लिये प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री और केन्द्रीय मंत्री का आभार माना है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा मध्यप्रदेश में भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को 4-लेन में अपग्रेड करने के लिए भोपाल से विदिशा, विदिशा से ग्यारसपुर, सताईघाट से चौका और चौका से कैमाहा पैकेजों के लिए 3589.4 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।

### डीएपी की उपलब्धता के संबंध में सरकार की क्या योजना है: दिग्विजय सिंह

# खाद संकट के लिए कौन जिम्मेदार?: जीतू

**विजय मत, भोपाल**

देश में डीएपी की किल्लत सरकार की नीतियों के कारण है, वर्तमान में देश में 100 लाख टन डीएपी की आवश्यकता है जिसमे से देश में 4 लाख टन प्रति माह का उत्पादन होता ,इसके लिए कच्चा माल भी आयात करना पडता ,आयत में समस्या से 20 प्रतिशत करीब कम उत्पादन हुआ है बाकि लगभग 5 लाख टन डीएपी का आयात होता, तब जाकर हमारी आवश्यकता पूरी हो रही है। इस बर्ष देश में अप्रैल से अगस्त तक 16 लाख टन करीब डीएपी आया था जबकि इसी दौरान पिछले बर्ष 32.5 लाख टन का आयात हुआ था जो 16.5 लाख टन यानी 50 प्रतिशत कम है। मध्यप्रदेश में डीएपी की 9 लाख टन से ज्यादा की जरुरत है जिसके एवज में अभी तक मध्य प्रदेश में लगभग 4.5 लाख टन डीएपी आया है बाकि 5 से 6 लाख टन



की कमी है। अगले 15 दिन मध्य प्रदेश के किसानो के लिए बेहद महत्वपूर्ण है बड़े रकबे में बुबाई एक साथ शुरू होगी। सरकार डीएपी की जगह एनपीके डालने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। डीएपी में 18 प्रतिशत नाइट्रोजन एवं 46 प्रतिशत फास्फोरस होता है। यदि डीएपी की जगह एनपीके देते है तो 6 लाख टन डीएपी की कमी को पूरा करने के लिए 9 लाख टन एनपीके 12:32:16 की जरुरत रहेगी जबकि अभी तक कुल 3 लाख टन एनपीके आया है, पिछले साल से 1 लाख टन कम है। मतलब 350 रैक सिर्फ एनपीके चाहिए।

यह बात का प्रमाण है की मध्यप्रदेश के कृषि मंत्री जी के जिले मुरैना में 24,500 मीट्रिक टन डीएपी की डिमांड है। इसके मुकाबले किसानों के लिए महज 8,247 मीट्रिक टन डीएपी ही उपलब्ध है। मतलब कृषि मंत्री के क्षेत्र में 33 प्रतिशत आपूर्ति हुई है (25 सितम्बर को प्रकाशित खबर के अनुसार) जब कृषि मंत्री के क्षेत्र के ये हाल हैं तो बाकि जगह कितनी उपलब्धता हुई होगी इसका अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है। पहले तो आयात 50 प्रतिशत कम हुआ, दूसरा मध्य प्रदेश सरकार ने अपनी डिमांड वास्तविक जरुरत से कम भेजी, तीसरा अग्रिम भण्डारण पिछले साल की तुलना में इस साल 3.51 लाख मीट्रिक टन डीएपी का कम हुआ।

### दर्शन



विजय मत, भोपाल। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए।

## निगम अमले ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 38 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केन्द्रों में भेजा

**विजय मत, भोपाल**

नगर निगम द्वारा आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी व एंटीरैबीज टीकाकरण की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। कार्यवाही के इसी क्रम में निगम के डाग स्क्वाड के दलों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 38 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केन्द्रों में भेजा। निगम अमले ने नसबंदी उपरांत 18 श्वानों को वापस उसी स्थान पर छोड़ा जहां से उन्हें पकड़ा गया था।



निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देष पर निगम के डाग स्क्वाड के दलों ने गुरूवार को इन्द्रपुरी, अयोध्या नगर, हथाईखेड़ा, जम्बूरी मैदान, बरखेड़ा पठानी, अशोका गार्डन, चांदबड़, करोंद, कोहेफिजा, बैरागढ़, दाता कालोनी, कैम्प नंबर 12, गांधी नगर आदि क्षेत्रों में आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्यवाही करते हुए 38 श्वानों को नसबंदी केन्द्र भेजा। निगम अमले ने नसबंदी उपरांत 18 श्वानों को वापस उसी स्थान पर छोड़ा जहां से उन्हें पकड़ा गया था। निगम के डाग स्क्वाड द्वारा आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

**खास-खबर** भोपाल में बनाया जा रहा है विशेष औषधि पार्क: महापौर

# आयुर्वेद, उपचार की प्राचीन और कारगर पद्धति: गौर

**विजय मत, भोपाल**

आयुर्वेद उपचार की प्राचीन पद्धती है। यह वर्तमान में भी उपचार की एक महत्वपूर्ण पद्धति है। यह बात पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कही। राज्यमंत्री श्रीमती गौर शरद पूर्णिमा के अवसर पर अयोध्या नगर दशहरा मैदान में आयोजित 34वें आयुर्वेदिक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर को संबोधित कर रहीं थी।




राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि परमार्थ और परोपकार करनेवालों के साथ अपने आप लोग जुडते जाते हैं। उन्होंने कहा कि नाड़ी वैद्य पंडित चंद्रशेखर तिवारी जी शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन कर परोपकार का कार्य कर रहें हैं। श्रीमती गौर ने शिविर में भाग लेने वाले नागरिकों से कहा कि हमें उपचार की प्राचीन पद्धति आयुर्वेद पर विश्वास करना चाहिए। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से रोगों का स्थाई समाधान होता है। श्रीमती गौर ने नागरिकों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आग्रह भी किया।

कार्यक्रम में महापौर श्रीमती मालती राय ने कहा कि आयुर्वेद से उपचार के लिए लगाया गया निःशुल्क शिविर सराहनीय है। उन्होंने बताया कि भोपाल में विशेष औषधि पार्क बनाया जा रहा है। महापौर श्रीमती राय ने कहा कि भोपाल के 150 मंदिरों के लिए 11-11 पौधे मंदिर परिसर में लगाने के लिए दिए गए है। कार्यक्रम के प्रारंभ में नाड़ी वैद्य पंडित तिवारी ने बताया कि शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले शिविर में श्वास संबंधी रोगों के मरीजों को नाड़ी परीक्षण कर निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधि दी जाती है। औषधि, गाय के दूध से बनी चावल की खीर केले के पत्ते पर दी जाती है। शिविर में हजारों की संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। शिविर का आयोजन अखंड आयुर्वेद भवन महौबा ने किया। श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर के महंत श्रीराम दास, पार्षद श्रीमती उर्मिला मौर्य और श्रीमती शिरोमणी शर्मा सहित अन्य गणमान्य शामिल थे।

# बेंगलुरु टेस्ट में न्यूजीलैंड को 134 रन की बढ़त, दूसरे दिन स्टंप्स तक स्कोर 180/3

## भारत पहली पारी में 46 रन पर ऑलआउट हुआ



**बेंगलुरु, एजेंसी**

बेंगलुरु टेस्ट का पहला दिन पूरी तरह से न्यूजीलैंड के नाम रहा। टीम ने पहले भारत को पहली पारी में 46 रन पर ऑलआउट कर दिया। उसके बाद दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट पर 180 रन भी बना लिए हैं। इस तरह टीम को 134 रन की बढ़त मिल गई है। रचिन रवींद्र और डेरिल मिचेल नाबाद लौटें। न्यूजीलैंड की ओर से डेवोन कॉन्वे 91, विल यंग 33 और टॉम लैथम 15 रन बनाकर आउट हुए। रवींद्र जडेजा, आर अश्विन और कुलदीप यादव 1-1 विकेट मिला।

तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले का पहला दिन बारिश की वजह से रद्द हो गया था। गुरुवार को दूसरे दिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। उनका यह फैसला भारत के लिए बिल्कुल भी सही साबित नहीं हुआ। भारतीय टीम 46 रन पर ऑलआउट हो गई। यह भारत का घरेलू मैदान पर सबसे छोटा स्कोर है। टीम के 5 बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए। ऋषभ पंत टीम के टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 20 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने सबसे ज्यादा 5 विकेट झटके। विलियम ओरुर्के ने 4 विकेट लिए। टिम साउदी को एक विकेट मिला।

विकेटकीपर ऋषभ पंत चोटिल हुए हैं। उनके दाएं घुटने में चोट लगी है। उन्हें लंगड़ाते हुए बाहर जाते देखा गया है। यह वही घुटना है, जिसका कार एक्सीडेंट के बाद ऑपरेशन हुआ था।

न्यूजीलैंड ने तीसरा विकेट गंवा दिया है। ओपनर डेवोन कॉन्वे 91 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रविचंद्रन अश्विन ने बोल्ड कर दिया। रवींद्र जडेजा ने भारत को दूसरा विकेट दिला दिया है। उन्होंने विल यंग को कुलदीप यादव के हाथों कैच कराया। यंग 33 रन बनाकर आउट हुए। यहां कॉन्वे के साथ यंग की फिफ्टी पार्टनरशिप बेक हुई।

## ऋषभ की जगह अक्षर बन सकते हैं दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में ऋषभ पंत शायद ही दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान रहें। एक रिपोर्ट के अनुसार फ्रैंचाईजी ऋषभ को सबसे अधिक रकम पर रिटेन तो करेगी पर कप्तानी उनसे वापस ली जा सकती है। मेगा नीलामी से पहले ही कैपिटल्स ये बदलाव कर सकती है। आईपीएल 2024 में ऋषभ टीम के कप्तान रहे थे। दिल्ली कैपिटल्स उन्हें 18 करोड़ रुपये में रिटेन कर सकती है, लेकिन कप्तानी की जिम्मेदारी अक्षर पटेल को सौंपी जा सकती है। रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली कैपिटल्स अक्षर पटेल को टीम की कमान सौंप सकती है या फिर आईपीएल 2025 मेगा नीलामी से पहले किसी और खिलाड़ी को कप्तान के तौर पर जोड़ सकती है। ये भी कहा जा रहा है कि अक्षर नए कप्तान की जिम्मेदारी संभालते हैं तो ठीक नहीं तो फ्रेंचाइजी देख सकती है कि नीलामी में कौन खिलाड़ी कप्तानी के योग्य है और उसे खरीद लिया जाएगा।

**उत्साह**



चीन में विश्व टूर के दूसरे दौर के विजेता बेल्जियम के वारे वेनघवेलीवेक जीत के बाद उत्साहत होते हुए।

## आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच नहीं रहेंगे स्टेन

**जोहांसबर्ग, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा है है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच नहीं रहेंगे। स्टेन ने कहा कि वह अपने देश की एसए 20 लीग में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के साथ ही कोच के तौर पर रहना चाहते हैं, इसलिए आईपीएल में नहीं रहेंगे। स्टेन ने यह जानकारी सोशल मीडिया




पोस्ट से दी है। स्टेन ने कहा, आईपीएल में गेंदबाजी कोच के रूप में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ रहा समय काफी अच्छा रहा जिसके लिए मैं आभारी हूं पर मैं आईपीएल 2025 के लिए वापसी नहीं कर पाउंगा क्योंकि मैं दक्षिण अफ्रीका में एसए 20 लीग में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के साथ काम करना जारी रखूंगा।

स्टेन ने इससे पहले निजी कारणों से आईपीएल 2024 से भी अपना नाम वापस ले लिया था। तब सनराइजर्स ने न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर जेम्स फ्रैंकलिन को अपना गेंदबाजी कोच बनाया था। स्टेन ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, सनराइजर्स का प्रतिनिधित्व किया था।

## बॉर्डर गावस्कर सीरीज में बुमराह पर अंकुश लगाना होगा : कमिंस

**सिडनी, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि उनकी टीम को अगले माह भारत के खिलाफ होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर अंकुश लगाये रखना होगा। कमिंस ने कहा कि अगर उनकी टीम को इस सीरीज में जीत चाहिये तो उन्हें किसी भी हाल में बुमराह को रोकना होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान के अनुसार बुमराह



अभी लय में हैं और हमारी उछल भरी पिचों पर उनकी गेंदों को खेलना आसान नहीं रहेगा। भारत ने साल 2014-15 से यह ट्रॉफी लगातार जीती है। उसने दो बार ऑस्ट्रेलिया को उसी की धरती पर हराया। कमिंस ने कहा, ''मैं बुमराह का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मुझे लगता है कि वह एक शानदार गेंदबाज हैं। अगर हम उस पर अंकुश कसने में सफल रहते हैं तो इससे हमें सीरीज जीतने में काफी सहायमता मिलेगी।'' कमिंस ने कहा कि उनकी टीम रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और एकदिवसीय विश्व कप की जीत से प्रेरित होकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, ''हमने उनके खिलाफ जो पिछली दो सीरीज खेली थी उन्हें काफी समय हो गया है। हम उससे उबर चुके हैं।''

## मुंबई इंडियंस के कोच बने म्हाम्ब्रे

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे अब आईपीएल के अगले सत्र में मुंबई इंडियंस के कोच के तौर पर नजर आयेंगे। म्हाम्ब्रे के कोच बनने से पांच बार की विजेता मुम्बई इंडियंस की टीम को ओर बेहतर होने का भरोसा है। भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच के तौर पर म्हाम्ब्रे का कार्यकाल इस साल टी20 विश्व कप के साथ ही समाप्त हो गया था।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरु हो रहे टेस्ट के लिए टीम में शामिल

## घरेलू मैदान में अंतिम टेस्ट खेलकर संन्यास ले सकते हैं शाकिब

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश के स्टार आलराउंडर शाकिब अल हसन की घरेलू दर्शकों के सामने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने की इच्छा पूरी हो सकती है। चयन समिति ने उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरु हो रहे टेस्ट के लिए टीम में शामिल किया है। वहीं शाकिब का कहना है कि पूरी सुरक्षा मिलने पर ही वह ये मैच खेलेंगे। शाकिब ने इससे पहले भारत दौरे में ही घोषणा कर दी थी कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान



पर अपना अंतिम टेस्ट खेलना चाहते हैं पर इसके लिए उन्हें सुरक्षा मिलनी चाहिये। । शाकिब पर छात्र आंदोलन के दौरान एक छात्र की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया गया था जिसके कारण उनपर मुकदमा दर्ज है। शाकिब अभी कनाडा में एक टी20 लीग में खेल रहे हैं। वहीं बांग्लादेश बोर्ड (बीसीबी) के नए अध्यक्ष फारूख अहमद ने शाकिब के अनुरोध को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि बोर्ड उन्हें सुरक्षा गारंटी कैसे दे सकता है क्योंकि वह सुरक्षा एजेंसी नहीं है। दूसरी ओर अंतरिम सरकार के खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने कहा कि शाकिब को सुरक्षा तभी दी जाएगी जब उनका राजनीतिक रुख स्पष्ट हो जाएगा।

# बिजनेस

## भारत बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

**मुंबई, एजेंसी**

भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी ने गुरुवार जारी अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारत बेशक सबसे तेज अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, लेकिन बढ़ती जनसंख्या और पर्यावरण को लेकर चुनौतियां भी दरकिनार नहीं की जा सकती है। रिपोर्टों का कहना है कि भारत में कार्बन-उत्सर्जन संबंधी चुनौतियां बड़ी बाधाओं के रूप में उभर सामने आ रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया हैं कि भारत 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर (30 लाख करोड़ डॉलर) की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखता है, अभी फिलहाल यह 3.6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है। रिपोर्ट में बताया गया हैं कि भारत



वर्तमान में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और आने वाले तीन सालों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। एक अन्य रेंटिंग एजेंसी ने कहा कि 2035 तक, उभरते बाजार ग्लोबल इकनॉमिक ग्रोथ का लगभग 65 प्रतिशत योगदान देगा, जिसमें भारत, चीन, वियतनाम और फिलीपींस जैसे एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देश प्रमुख भूमिका निभाएंगे।

### दूरसंचार नियामक सिफारिशें प्रस्तुत करने से पहले सभी सुझावों पर गौर करेगा

## सैटकॉम स्पेक्ट्रम आवंटन को लेकर परामर्श प्रक्रिया अभी जारी: ट्राई प्रमुख

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सैटकॉम स्पेक्ट्रम आवंटन के तौर-तरीकों को लेकर खींचतान के बीच ट्राई के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने कहा कि परामर्श प्रक्रिया अभी जारी है और दूरसंचार नियामक सिफारिशें प्रस्तुत करने से पहले सभी सुझावों पर गौर करेगा। नियामक की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब स्टारलिंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क और भारतीय दिग्गजों के बीच सैटेलाइट स्पेक्ट्रम को लेकर गतिरोध जारी है। ट्राई के चेयरमैन लाहोटी ने इंडिया मोबाइल




कांग्रेस (आईएमसी) के अवसर पर पत्रकारों से कहा कि हमें दूरसंचार विभाग से संदर्भ मिला है। हमने दूरसंचार विभाग से प्राप्त संदर्भ के प्रत्युत्तर में परामर्श प्रक्रिया शुरू कर दी है और इसमें उन मुद्दों को शामिल किया गया है जिन्हें दूरसंचार विभाग द्वारा ट्राई को भेजा गया है, परामर्श प्रक्रिया जारी है हम परामर्श प्रक्रिया के दौरान प्राप्त सभी विचारों पर गौर करेंगे और अपनी सुविचारित सिफारिशें प्रस्तुत करेंगे। रिलायंस जियो की स्थलीय तथा उपग्रह कंपनियों के बीच समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए ट्राई परामर्श पत्र को संशोधित करने की मांग पर ट्राई के चेयरमैन ने कहा ?कि विभिन्न हितधारक परामर्श प्रक्रिया पर अलग-अलग मांग उठाते हैं। हम इन सभी दृष्टिकोणों तथा विचारों पर गौर करते हैं और एक सुविचारित दृष्टिकोण अपनाते हैं। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क ने उपग्रह-आधारित संचार में इस्तेमाल होने वाले स्पेक्ट्रम का आवंटन नीलामी के जरिये किए जाने की भारतीय अरबपति मुकेश अंबानी और सुनील भारती मित्तल की मांग को अभूतपूर्व बताते हुए निशाना साधा है। अंबानी की दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो पुराने दूरसंचार परिचालकों को समान अवसर देने के लिए नीलामी के जरिये ऐसे स्पेक्ट्रम आवंटित करने की जरूरत पर बल दे चुकी है। भारती एयरटेल के प्रमुख मित्तल ने भी हाल ही में ऐसे आवंटन के लिए बोली लगाने की वकालत की। हालांकि मस्क की अगुवाई वाली स्टारलिंक वैश्विक रुख के अनुरूप उपग्रह-आधारित संचार के लिए लाइसेंसों का प्रशासनिक आवंटन किए जाने की मांग कर रही है।

## डिजिटल अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने में एआई निभाएगा अहम भूमिका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को 2028 तक 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह खुलासा गूगल की रिपोर्ट से हुआ है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 20 फीसदी होगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि एआई न केवल आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि भारत को वैश्विक स्तर पर उभरने में भी मदद करेगा।

रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2030 तक भारत में एआई के व्यापक उपयोग से कम से कम 33.8 लाख करोड़ रुपए का आर्थिक मूल्य हासिल हो सकता है। रिपोर्ट बताती है कि भारत अपनी तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, उत्कृष्ट तकनीकी प्रतिभा, युवा जनसंख्या और जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के साथ एआई से मिलने वाले लाभों का पूरी तरह से उपयोग करने के लिए तैयार है।

रिपोर्ट में कहा गया है एआई पहले से ही कृषि और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी




बदलाव ला रहा है। एआई-संचालित प्लेटफ़ॉर्म एग्रोस्टार किसानों को सशक्त बनाकर फसल उत्पादन बढ़ाने में मदद कर रहा है। इसी तरह स्वास्थ्य सेवा में, एआई निदान में सुधार कर रहा है और वंचित समुदायों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ा रहा है। भारत में एआई के संभावित लाभों को बढ़ावा देने के लिए रिपोर्ट ने तीन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया है- जिसमें बुनियादी ढांचे और नवाचार में निवेश, मानव पूंजी और एआई-सशक्त कार्यबल का निर्माण एआई के व्यापक अपनाने और सार्वभौमिक पहुंच को प्रोत्साहित करना शामिल है। गूगल का लक्ष्य है कि वह भारत में 10 मिलियन लोगों को एआई डिजिटल साक्षरता से सशक्त बनाए, जिसमें छात्र, नौकरी चाहने वाले, शिक्षक, स्टार्टअप, डेवलपर्स, और सिविल अधिकारी शामिल हैं।

## सेंसेक्स 494 अंक की गिरावट के साथ 81,006 पर बंद, निफ्टी भी 221 अंक गिरा

### बीएसई स्मॉल कैप 814 अंक टूटा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सेंसेक्स आज यानी 17 अक्टूबर को 494 अंक की गिरावट के साथ 81,006 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 221 अंक गिरा, ये 24,749 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉल कैप 814 अंक गिरकर 56,589 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में गिरावट और 9 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 41 में गिरावट और 9 में तेजी रही। NSE के IT सेक्टर को छोड़कर सभी सेक्टर गिरावट के साथ बंद हुए। रियल्टी सेक्टर सबसे ज्यादा 3.76 प्रतिशत गिरा।

HDFC बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल और ICICI बैंक ने बाजार को सबसे ज्यादा नीचे



गिराया। जबकि, इंफोसिस, लार्सन एंड टुब्रो और टेक महिंद्रा ने बाजार को ऊपर खींचा। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.69 प्रतिशत की गिरावट रही। कोरिया का कोस्पी 0.041 प्रतिशत और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। 16 अक्टूबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.79 प्रतिशत चढ़कर 43,077 पर और नैस्डैक 0.28 प्रतिशत चढ़कर 18,367 पर बंद हुआ। S&P 500 में भी 0.47 प्रतिशत की बढ़त रही। NSE के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने 16 अक्टूबर को 3,435 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 2,256 करोड़ के शेयर खरीदे।

हुंडई इंडिया के IPO का आज आखिरी दिन है। कंपनी के शेयर 22 अक्टूबर को बाजार में लिस्ट होंगे। कंपनी ने इसका प्राइस बैंड 1,865-1,960 रुपए तय किया है। इसके लिए कम से कम 13,720 रुपए की बोली लगानी होगी। इससे पहले कल यानी 16 अक्टूबर को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 318 अंक की गिरावट के साथ 81,501 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 86 अंक की गिरावट रही, ये 24,971 पर बंद हुआ था।

## एलआईसी ने शुरू किया सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान

### छोटे निवेशकों को मिलेगा बड़ा फायदा

**मुंबई, एजेंसी**

एलआईसी म्यूचुअल फंड ने निवेशकों के लिए छोटी बचत योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए एक नई डेली एसआईपी (सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) योजना शुरू की है, जहां निवेशक मात्र 100 रुपए प्रतिदिन के साथ निवेश कर सकते हैं। इससे छोटे व्यापा?रियों को फायदा होगा ?जो रोज पैसा कमाते हैं। यह सुविधा 16 अक्टूबर से शुरू हो गई है। एलआईसी म्युचुअल फंड ने सिर्फ एलआईसी एमएफ टैक्स सेवर और एलआईसी एमएफ यूलिप को छोड़ अपनी बाकी सभी स्कीमों में रोजाना 100 रुपए सिप से निवेश करने की इजाजत दे दी है। डेली सिप के लिए कम से कम 60 इंस्टॉलमेंट के निवेश की शर्त है। निवेशक अगर मंथली सिप से निवेश करना चाहते हैं तो वे एलआईसी म्यूचुअल फंड की स्कीमों में हर महीने सिर्फ 200 रुपए के स्ढ्ढक्क से निवेश कर सकते हैं। इसके




लिए न्यूनतम इंस्टॉलमेंट कम से कम 30 होना चाहिए। निवेशक अगर हर तिमाही निवेश करना चाहता है तो वह एलआईसी म्यूचुअल फंड की स्कीम में हर तिमाही न्यूनतम 1000 रुपए का निवेश सिप के जरिए कर सकता है। कुछ समय पहले सेबी ने म्यूचुअल फंड्स की स्कीमों को लोगों के निवेश के दायरे में लाने के लिए छोटे अमाउंट के सिप शुरू करने का ऐलान किया था। सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच भी कई बार माइक्रो सिप का जिक्र कर चुकी हैं। उनका मानना है कि इससे आबादी के बड़ा हिस्सा म्यूचुअल फंड की स्कीमों में निवेश कर ज्यादा रिटर्न का फायदा उठा सकता है।

## न्यूज इन शॉर्ट



### राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट का फाइनल मुकाबला आज

शहडोल। सहायक संचालक खेल रईस अहमद ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश की 68वीं राज्य स्तरीय शालेय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता शहडोल जिले के बुढार एवं धनपुरी में आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश की 68वीं राज्य स्तरीय शालेय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला ग्वालियर वर्सेस भोपाल एवं तीसरे स्थान के लिए उज्जैन का मैच जबलपुर के साथ कल सुबह संपन्न होगा ग्वालियर ने पहले खेलते हुए 121 रन बनाए और 90 रमन में उज्जैन संभाग ऑल आउट हो गई 30 रनों से ग्वालियर ने मैच जीत के फाइनल में प्रवेश किया भोपाल ने पहले खेलते हुए 117 रन बनाए जवाबी पारी में पूरी टीम जबलपुर के 84 रनों पर आउट हो गई और 33 रनों से भोपाल ने मैच जीत के फाइनल में प्रवेश किया। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश की 68वीं राज्य स्तरीय शालेय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच 18 अक्टूबर को खेल जाएगा।

### पांच हजार रूपये का ईनामी आरोपी गिरफ्तार



शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक के द्वारा जिले में पूर्व के अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड़ करने हेतु दिषा-निर्देष दिये गए हैं। जिसके तारतम्य में 20 सितम्बर को एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण में आरोपी शनि पनिका (दिवान) पिता जगन्नाथ पनिका उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम लखवरिया घटना दिनांक से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक शहडोल के द्वारा 5000/- रूपये ईनाम की घोषणा की गई थी। खैरहा पुलिस द्वारा 17 अक्टूबर को उक्त आरोपी शनि पनिका को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना खैरहा से उपनिरी. दिलीप सिंह के नेतृत्व में प्रआर0 राम नाथ बांधव, आर0 सतीश कुमार एवं गिर्राज कंसाना के द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करने में सराहनीय भूमिका रही है।

### जयसिंहनगर पुलिस ने की नाबालिग बालिका की दस्तयाबी

शहडोल। थाना जयसिंहनगर में फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि, उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिस पर थाना जयसिंहनगर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान 16 सितम्बर को उक्त नाबालिग बालिका को ग्राम सनौसी थाना ब्यौहारी से दस्तयाब कर सुरक्षित परिजनों को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जयसिंहनगर के नेतृत्व में सउनि0 विनोद सिंह एवं मआर0 अनपूर्णा उईके की सराहनीय भूमिका रही।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध शहडोल पुलिस की कार्यवाही

शहडोल। जिला शहडोल पुलिस द्वारा 10 अक्टूबर को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 56 चालानों में 20,600 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### मेडिकल नीट कोचिंग की सुविधा दे रही एसईसीएल




धनपुरी। एसईसीएल अपने सामाजिक उत्तर दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम से सुश्रुत के तहत कक्षा 12वीं पास छात्रों को पिछले वर्ष की तरह आवासीय मेडिकल नीट कोचिंग की सुविधा देने जा रही है ताकि कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि के छात्रों विशेष रूप से मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के कोईलांचल क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा और अवसर मिल सके। इसका लाभ वो छात्र उठा सकते हैं जो डॉक्टर बनना चाहते हैं लेकिन महंगी कोचिंग का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर चयन होगा यह परीक्षा नेट परीक्षा के पैटर्न पर आधारित रहेगी निजी कोचिंग संस्थानों के सहयोग से 35 छात्रों को आवास और भोजन की सुविधा के साथ अन्य खर्च जैसे स्टेशनरी बैग आदि भी उपलब्ध कराए जाएंगे आरक्षण नीति से छात्रों का चयन होगा। इच्छुक छात्र एसईसीएल की वेबसाइट पर जाकर रजिस्टर कर सकते हैं।

---

किस काम के अमृत सरोवर, कहीं जेसीबी से मेढ़ बना दी, कहीं पुराने तालाब में ही लगा दिया बोर्ड

# पैसों का बंदरबांट: 110 में से 106 अमृत सरोवरों का कार्य पूर्ण, नहीं हो पाया जलभराव



**विजय मत, शहडोल।**

केंद्र एवं राज्य शासन की प्राथमिकता वाली अमृत सरोवर योजना शहडोल जिले में सिर्फ नाम की योजना सिद्ध हो रही है। प्रशासन भले ही जल सरंक्षण को लेकर बड़े.बड़े दावे कर रहा हो लेकिन जमीनी स्तर पर इन दावों की हकीकत कुछ और है। जिले भर मे अमृत सरोवर तालाब निर्माण के नाम पर करोड़ो रुपए खर्च कर दिए गए लेकिन इनमें एक बूंद पानी संरक्षित नहीं कर पाए। इनका लाभ न तो ग्रामीणों को मिल पा रहा है और न ही किसानों को। पंचायतों मे बनवाए गए यह तालाब जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते सूखे पड़े हैं। तालाबों के निर्माण में तकनीकी मापदण्डों व गुणवत्ता चलते बरसात में जलभराव हो ही नहीं पाया। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जिले में 110 अमृत सरोवर वर्ष 2022-23 में स्वीकृत हुए थे। जिले के पांचों जनपद पंचायतों में स्वीकृत इन अमृत सरोवरों का निर्माण आरईएस विभाग से मनरेगा मद से कराने की जिमेदारी सौंपी गई थी। इसके लिए 1148 लाख रुपए स्वीकृत किए गए थे। इन अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य मार्च 2023-24 में पूरा हो जाना था। इनमें से अभी भी कुछ अृमत सरोवरों का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। अभी तक जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनमें से अधिकांश में जल भराव ही नहीं हुआ।

### मापदण्डों के अनुरूप निर्माण नहीं

जिले के अलग.अलग जनपद पंचायत अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवरों में गुणवत्ता के मापदण्डों का पालन नहीं किया गया। अमृत सरोवर के नाम पर कोरम पूर्ति कर शासकीय राशि का बंदरबांट किया गया है। जानकारों की माने तो अधिकांश अमृत सरोवरों का निर्माण मशीनों की मदद से कराया गया है। मिट्टी खुदाई कर मेढ़ बनाकर कोरम पूर्ति कर ली गई। जानकारों की माने तो इनमें से अधिकांश अमृत सरोवरों का निर्माण इस हिसाब से कराया गया है कि इनमें जल भराव की कोई गुंजाइश ही नहीं है।

### अमृत सरोवरों के निर्माण का मुख्य उद्देश्य

अमृत सरोवरों के निर्माण का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल को सहेजकर इन तालाबों में मछली पालन, सिंघाड़ा की खेती के साथ अन्य कार्यों की मदद से समूहों की आय का जरिया बनाना था। जलभराव न होने की वजह से अभी तक इन अमृत सरोवरों का सदुपयोग नहीं हो पा रहा है। वहीं इनके निर्माण को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थिति यह है कि कहीं मशीन लगाकर खुदाई कराकर मिट्टी की मेढ़ बना दी गई है तो कहीं पुराने तालाब में ही मिट्टी डालकर नया दिखा दिया गया है। इससे अमृत सरोवरों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### 110 में से 106 का कार्य पूर्ण

विभाग की माने तो जिले में 1148 लाख की लागत से कुल 110 अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य कराया जाना था। इनमें से सबसे अधिक जनपद पंचायत बुढ़ार में 376 लाख की लागत से 29 अमृत सरोवर स्वीकृत हुए थे। 110 अमृत सरोवरों में से 106 अमृत सरोवरों का कार्य पूर्ण बताया जा रहा है। जानकारों की माने तो इनमें से अधिकांश अमृत सरोवर अनुपयोगी साबित हो रहे हैं।

### यहां स्थिति गंभीर

जनपद पंचायत बुढ़ार अंतर्गत ग्राम पंचायत भरुहा में अमृत सरोवर स्वीकृत किया गया था। यहां अमृत सरोवर का कार्य प्रारंभ भी किया गयाए लेकिन आधे अधूरे में ही निर्माण कार्य रोक दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि आधा अधूरा निर्माण कार्य कराने के बाद पत्थर ज्यादा होने की वजह से इसे निरस्त कर दिया गया हैए जबकि इसके निर्माण कार्य में 8.10 लाख रुपए विभाग ने खर्च कर दिए हैं। पैरीबहरा में 17ण11 लाख की लागत से अमृत सरोवर का निर्माण कार्य कराया गया है। इस अमृत सरोवर को लेकर ग्रामीणों ने सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थल पर अमृत सरोवर का निर्माण कराया गया हैए वहां पहले से ही तालाब है और उसमें पानी भी रहता था। इसी तालाब के चारों तरफमिट्टी डालकर व खुदाई कर अमृत सरोवर बना दिया गया है। सहित अन्य विभिन्न स्थानों में इसी प्रकार की समस्याएं हैं।

### नहीं रखा गया नियमों का ध्यान

तालाब बनाने के साथ कैचमेंट एरिया बनाने पर भी फोकस करना जरूरी है। अभी अधिकांश तालाब बिना स्ट्रैक्चर के बनाए जा रहे हैं। नियमों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। स्ट्रैक्चर में गड़बड़ी होने की वजह से ये तालाब बारिश में भी नहीं भरते हैं। तालाब बनाने के बाद इनका वास्तविक रूप से भौतिक सत्यापन जरूरी है। बार बार मानीटरिंग भी होनी चाहिए कि कितने तालाब भरने में सफल हुए। तालाब बनाने के साथ ये भी ध्यान रखना होगा कि आसपास के पानी को तालाब से कैसे लिंक किया जा सकता है।

### जिम्मेदार दे रहे अलग.अलग दलील

अमृत सरोवरों के निर्माण में बरती गई लापरवाही के बाद अब जिम्मेदार अलग-अलग दलील देते नजर आ रहे हैं। जिम्मेदारों का कहना है कि कोई तकनीकी खराबी नहीं हुई है। तालाब पहली बारिश होने के बावजूद सूख चुके है, अगली बारिश मे यह तालाब नहीं सूखेंगे।

---

# बिजली लाईन (तार) चोरी करने वाले अंतर जिला संगठित गिरोह का खैरहा पुलिस द्वारा किया गया खुलासा

## 04 लाख रूपये का मशरूका जप्त




**विजयमत,शहडोल।**

थाना खैरहा में पूर्व में शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि थाना क्षेत्रांतर्गत विभिन्न ग्रामों (जंगल क्षेत्र) में 11,000 वॉट के चालू बिजली लाईन (तार) को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की जा रही है। जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया था। उक्त चोरी के संबंध में सायबर सेल की तकनीकी सहायता के आधार पर साक्ष्य एकत्रित किया गया। साक्ष्यों के अनुसार ग्राम तुम्मीवर चौकी देवहरा थाना चचाई के नीरज बैगा, पुंदेलाल बैगा, लल्ला बैगा, दीपक बैगा, संजू बैगा, अनिल बैगा, गुरू बैगा, सुबेलाल बैगा एवं बंगवार कालोनी का दीपक कुमार चक्रवैस आदि लोगों का घटना में शामिल होना संदेहास्पद था। जिसके आधार पर 16 अक्टूबर को आरोपी क्रमषः दीपक कुमार चक्रवैस पिता विजय बहादुर चक्रवैस उम्र 34 वर्ष निवासी रूंगटा कालोनी नई दफाई थाना अमलाई, नीरज बैगा पिता केमला बैगा उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम तुम्मीवर, संजू बैगा पिता मेरमिया बैगा उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम तुम्मीवर, गुरू प्रसाद बैगा पिता संतराम बैगा उम्र 22 वर्ष निवासी तुम्मीवर एवं अनिल बैगा पिता स्व. लखन बैगा उम्र 21 वर्ष निवासी तुम्मीवर को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। पूछताछ में उपरोक्त आरोपियों के द्वारा चोरी में शामिल होना स्वीकार किया।

पुलिस द्वारा उक्त आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आटो लोडर, मोटर सायकल, नायलोन का रस्सा, गड़ासा, चाकू, लकडी के दो गुटखा, चोरी गई बिजली के तार आदि बरामद कर कुल 4,00,000/- (चार लाख) रूपये का मशरूका की जप्त की गई।

पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों के द्वारा पूर्व में थाना सिंहपुर, बुढ़ार, धनपुरी, अमलाई, केशवाही आदि थानों के विभिन्न क्षेत्रों में तार केबिल काटकर चोरी करने की बात स्वीकार किया गया। इसके अतिरिक्त थाना पाली जिला उमरिया में घुनघुटी, मुंदरिया में नई रेल्वे लाईन की बंद लाईन के तार को अपने साथियों के साथ मिलकर काटकर चोरी करने की बात स्वीकार किये है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पता-तलाष जारी है।

उक्त कार्यवाही एसडीओपी धनपुरी अभिनव मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खैरहा उपनिरी0 दिलीप सिंह, सउनि0 रामकरन सिंह, प्रधान आरक्षक राम नाथ बांधव, पवन कुमार शुक्ला, दलवीर सिंह, आरक्षक0 सतीश कुमार, अमरसाय प्रजापति, साउल मोरिस महिला, अज्ञावती एवं सायबर सेल से आरक्षक सत्यप्रकाश मिश्रा एवं प्रकाश द्विवेदी की सराहनीय भूमिका रही है।

---




# केंद्रीय चिकित्सालय में रेडियोलॉजिस्ट और सर्जन के ना होने से मरीजों को होती है परेशानी

**विजयमत,धनपुरी।**

केंद्रीय चिकित्सालय की लचर व्यवस्था सुधरने की जगह और भी बिगड़ती ही चली जा रही है। यहां पर मरीजों को जो सुविधाएं देने की बात कही जा रही है वह सुविधाएं सिर्फ कागजों ही तक सीमित नजर आती है जबकि चिकित्सालय के अंदर वर्तमान व्यवस्था को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिस चिकित्सालय में हर वर्ष करोड़ों रुपए एसईसीएल प्रबंधन खर्च कर रहा है वहां की व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतरती ही नजर आ रही है। अस्पताल प्रबंधन व्यवस्था सुधार के दावे तो करती है लेकिन यह महज बातों तक ही सीमित नजर आती है और यही कारण है कि अब यहां की व्यवस्था पर लगातार सवाल भी उठाए हैं और इसके सुधार को लेकर मांग भी की जा रही है। सोहागपुर एरिया में श्रम संगठन अस्पताल की व्यवस्था सुधार को लेकर लगातार प्रबंधन से भी चर्चा कर रहा है लेकिन इसके बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार होता हुआ नहीं देखा जा रहा है।वही सर्जन की बात की जाए तो यह पद भी यहां पर खाली पड़ा है वैसे तो कई दिनों से यह बात कही जा रही है कि जल्द यहां पर सर्जन की पदस्थापना होगी लेकिन केंद्रीय चिकित्सालय में ऐसा देखा नहीं जा रहा है। यही कारण है कि मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है।वही करोड़ों रुपए की लागत से केंद्रीय चिकित्सालय में खरीदी गई सीटी स्कैन मशीन आज रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना न होने के कारण बंद पड़ी है। सालों से यह समस्या केंद्रीय चिकित्सालय में देखी जा रही है कई बार इस समस्या के संबंध में एरिया प्रबंधन से लेकर बिलासपुर मुख्यालय तक चर्चा की गई यहां तक कि बैठकों में भी इस मुद्दे को प्राथमिकता से श्रम संगठनों ने रखा लेकिन बावजूद इसके समस्या का समाधान कहीं से होता हुआ नजर नहीं आ रहा है।

---

**अनदेखी** विश्वविद्यालय के पुराने कैंपस के साथ किया जा रहा सौतेला व्यवहार, प्रबंधन क्यों नहीं दे रहा ध्यान?

# विश्वविद्यालय के पुराने कैंपस की कक्षाओं में बेहतर बोर्ड तक नहीं

**विजयमत,शहडोल।**

**छात्रों के लिए नहीं बनाया गया सुविधा घर एवं शुद्ध पेयजल व्यवस्था, छात्र परेशान**



पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय शहडोल जिले का सर्व सुविधायुक्त विश्वविद्यालय माना जाता है। जहां विश्वविद्यालय में पढ़ाई, व्यवहार, संस्कार सहित एक अच्छा इंसान बनने की राह दिखाई जाती है। वही शंभू नाथ विश्वविद्यालय के पुराना केंपस जहां आज भी एम.ए. एवं बी.ए. के लगभग 5000 छात्र अध्ययन करते हैं परंतु विश्वविद्यालय के स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर सुविधा घर का इंतजाम नहीं है। छात्र छात्राओं को सुविधा घर के लिए अत्यंत परेशानियों का सामना करना पड़ता है, परंतु विश्वविद्यालय प्रबंधन इस पर कोई चिंता नहीं जता रहा है। छात्रों के लिए बेहतर पेयजल व्यवस्था भी विश्वविद्यालय में उपलब्ध नहीं है, जो यह दर्शाता है की विश्वविद्यालय का नाम तो बहुत बडा है, परंतु दर्शन बहुत छोटे हैं।

### पढ़ाने के लिए बोर्ड भी नहीं है व्यवस्थित

छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा देना विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी है पर अपनी जिम्मेदारी का भी निर्वहन व पूरे निष्ठा के साथ नहीं कर रहा है। विश्वविद्यालय के पुराने कैंपस की कक्षाएं अब काफी पुरानी हो चुकी है वहां का बोर्ड भी जर्जर हो चुका है परंतु जिम्मेदार अधिकारी बोर्ड लगाना जरूरी नहीं समझते तथा छात्रों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। छात्र बताते हैं कि हमारे क्लास में ना बेहतर बोर्ड है, ना ही बेहतर बैठने के लिए बेंच। ऐसा सौतेला व्यवहार विश्वविद्यालय क्यों कर रहा है यह समझ में नहीं आ रहा है परंतु छात्रों के साथ खुला अन्याय हो रहा है।

### जर्जर सुविधा घर उपलब्ध

बता दे की शंभू नाथ विश्वविद्यालय के पुराने कैंपस में छात्राओं के लिए जर्जर सुविधा घर की व्यवस्था है, जिसमें भी ताला लटका हुआ है। विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर एवं अतिथि विद्वानों के लिए पृथक से कोई शौचालय नहीं है। उन्हें भी इस परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विश्वविद्यालय के पुराने कैंपस में छात्राओं के लिए एक मात्र सुविधा घर का मजबूरी में उपयोग किया जा रहा है। सुविधा घर के अभाव में सर्वाधिक परेशानी विश्वविद्यालय के महिला स्टाफ को होती है।

### प्रबंधन पूरी तरह से लापरवाह

हालाकिं इस बात से विश्वविद्यालय प्रबंधन पूरी तरह से भलिभांति वाकिफ भी है, लेकिन लापरवाही बरत रहा है। लेकिन इसके बावजूद अब तक सुविधा घर का निर्माण नहीं किया गया है। इस बारे में कॉलेज के वरिष्ट छात्र कई बार विश्व विद्यालय प्रबंधन से चर्चा कर महाविद्यालय स्टाफ के लिए सुविधा घर निर्माण कराने की मांग कर चुके हैं, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### पढ़ाई में भी सौतेला व्यवहार

बता दें कि शंभू नाथ विश्वविद्यालय बन जाने के बाद नवलपुर विश्वविद्यालय की स्थिति में तो काफी परंतु पुराने कैंपस के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है। एमए एवं बीए के यूजी एवं पीजी के छात्र-छात्राओं का कहना है कि नवलपुर में बना विश्वविद्यालय में पढ़ाई के लिए बेहतर सुविधा, डिजिटल बोर्ड, बेंच, क्लास, लाइट, सुविधा घर इत्यादि की बेहतर व्यवस्था है। परंतु पुराने कैंपस का हाल वही पुराने जमाने का है, जहां यह सब सुविधा उपलब्ध नहीं है।

### सुविधा घर की अत्यंत आवश्यकता

शंभू नाथ विश्वविद्यालय के छात्राओं ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु का प्रारंभ हो चुका है, विश्वविद्यालय परंतु हम इतना मजबूर है कि हम पेट भर पानी नहीं पी सकते हैं ताकि हमें सुविधा घर न जाना पड़े। छात्रों का कहना था कि अगर ज्यादा पानी पिया जाए तो सुविधा घर की आवश्यकता पड़ेगी और विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए सुविधा घर बनाना प्रबंधन जरूरी नहीं समझती है। उनका कहना था कि विश्वविद्यालय के पुराने कैंपस में जल्द से जल्द सुविधा घर बनाया जाए जिससे कि छात्रों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा पीजी इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि., प्लॉट नं. 18, इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर म.प्र. से मुद्रित एवं विजय मत भवन, गायत्री मंदिर रोड, वार्ड नं. 13, शहडोल, म.प्र. से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला
(*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र शहडोल होगा। आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2018/76119, e-mail: vijaymat.sdl@gmail.com